हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 290, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 14 अप्रैल, 2023 दिन शुक्रवार | गाजीपुर/वाराणसी

## अतीक अहमद का बेटा असद मुठभेड़ में ढेर

### शूटर गुलाम भी मारा गया, 24 फरवरी को गोलियों से भूनकर कर दी थी उमेश पाल की हत्या



लखनऊ। उमेश पाल हत्याकांड में यूपी एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम अहमद का एनकाउंटर किया गया है। यूपी एसटीएफ ने यह कार्रवाई झांसी में की है। उमेश पाल हत्याकांड में पांच लाख के इनामी असद और शूटर गुलाम का एनकाउंटर कर दिया गया है। प्रयागराज एसटीएफ की टीम ने दोनों को झांसी में मार गिराया। उमेश पाल की हत्या के बाद से पांचों शूटर फरार थे। इनमें से असद और गुलाम को आज एसटीएफ ने मार गिराया। जबकि पुलिस ने घटना के चार दिन बाद एनकाउंटर में अरबाज को मार गिराया। छह मार्च को उस्मान उर्फ विजय को एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया था।

उमेश पाल को 24 फरवरी 2023 को उनके घर में घुसकर गोलियों से भून दिया गया था। अतीक अहमद का बेटा असद समेत छह शूटर गोली और बम मारते हुए सीसीटीवी में दिखे थे। अगले दिन उमेश की पत्नी ने अतीक, अशरफ, शाइस्ता, अतीक के बेटे, गुड्डू मुस्लिम, उस्मान समेत अतीक के कई अज्ञात गुर्गों और सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उस्मान उर्फ विजय चौधरी को पहले ही एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। असद, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान पर पांच-पांच लाख का इनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ के अधिकारियों के मुताबिक, बृहस्पतिवार दोपहर झांसी में असद और गुलाम के होने की सूचना पर टीम ने घेराबंदी की। दोनों ने फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में दोनों ढेर हो गए। उनके पास से विदेशी पिस्टल मिली है। असद अहमद पर एक मुकदम था और पांच लाख का इनाम था। गुलाम पर छह मुकदमे थे और पांच लाख का इनाम था।

**अतीक अहमद के तीसरे नंबर का बेटा था असद**– झांसी में पुलिस एनकाउंटर में मारा गया असद अहमद के तीसरे नंबर का बेटा था। बड़ा बेटा उमर लखनऊ जेल में बंद है। दूसरे नंबर का अली नैनी जेल में है। चौथे और पांचवे नंबर के नाबालिग बेटे बाल सुधार गृह राजरूपपुर में हैं।

**असद ने ब्रिटिश बुलडॉग रिवाल्वर से झोंका था पुलिस टीम पर फायर**– एसटीएफ ने असद के पास से अत्याधुनिक ब्रिटिश बुलडॉग रिवाल्वर बरामद की है। यह अत्याधुनिक विदेशी पिस्टल है। एक राउंड में 12 फायर इस पिस्टल से किए जा सकते हैं। असद ने इसी पिस्टल से एसटीएफ पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिसके जवाबी कार्रवाई में असद मारा गया। वहीं, उसके साथी गुलाम के पास वाल्थर पी 88 पिस्टल थी। यह भी अत्याधुनिक स्वचालित विदेशी पिस्टल है मकसूद ने भी 12 राउंड फायर किए थे। एसटीएफ टीम में 2 कमांडो भी मौजूद थे। उनके पास स्वचालित हथियार थे। कमांडो ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें असद और गुलाम ढेर हो गए। दोनों के शव पुलिस ने कब्जे में लेकर उसे मेडिकल कॉलेज भिजवाया है। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसएसपी राजेश एस समेत अन्य मौके पर पहुंच गए।

**यह यूपी पुलिस और STF के लिए जरूरी केस था– अमिताभ**– अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर यूपी STF के ADG अमिताभ यश ने कहा कि यह यूपी पुलिस और STF के लिए जरूरी केस था क्योंकि एक केस में एक मुख्य गवाह जिसे यूपी पुलिस ने सुरक्षा प्रदान की थी उसकी हत्या कर दी गई थी। इस केस में आज दो शूटर को एनकाउंटर में मारा गया। इनके पास से परिष्कृत विदेशी हथियार मिले।

वहीं प्रयागराज कोर्ट में असद और गुलाम के एनकाउंटर में मारे जाने की खबर फैलने के बाद अधिवक्ता भी इसी पर चर्चा कर रहे हैं। साथ ही अतीक मुदार्बाद के नारे लग रहे हैं। कोर्ट में असद के एनकाउंटर की खबर सुनकर माफिया अतीक बेहोश हो गया। शोर शराबा ज्यादा होने की वजह से पीसीआर की सुनवाई थोड़ी देर के लिए रोक दी गई है अतीक और अशरफ को कोर्ट रूम से बाहर ले जाने के बाद थोड़ी देर बाद पुलिस कस्टडी रिमांड पर सुनवाई होगी। बाद में सुनवाई शुरू हुई और अतीक को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

#### हत्यारों को सजा मिलना तय था-केशव मौर्य

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केपी मौर्य ने पूर्व सांसद अतीक अहमद के बेटे असद और सहयोगी के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद यूपी एसटीएफ को बधाई दी है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हत्यारों को सजा मिलना तय था। उन्होंने कहा कि अपराधियों के साथ अपराधी जैसा व्यहवार होना चाहिए।

#### आज दिल को सुकून मिला है- जया पाल

उमेश पाल की पत्नी जया ने कहा कि इंसाफ की शुरूआत हो गई है। जो हुआ अच्छा हुआ। उन्होंने कहा कि आज दिल को सुकून मिला है। अतीक का भी हो एनकाउंटर तब होगा असली न्याय मिलेगा।

#### एनकाउंटर से बहुत सुकून मिला है- शांतिपाल

उमेश पाल की मां शांतिपाल ने कहा कि हम तो पहले से मांग कर रहे थे कि उनका एनकाउंटर किया जाए। योगी जी का बहुत-बहुत धन्यवाद जो उनका एनकाउंटर किया गया। पुलिस ने अपना फर्ज अदा किया है जो उन्हें करना चाहिए था। जो भी हुआ है वह कानूनी आधार पर फैसला हुआ है। यह लोग इतने दिन से भागदौड़ कर रहे थे। पुलिस ने उनको अंजाम तक पहुंचा दिया है। मुख्यमंत्री जी का बहुत आभार है, बहुत अच्छा फैसला किया है मेरी आत्मा को संतुष्टि मिली है। इन्होंने मेरे बेटे और उसके पीछे बैठे गनर को गोलियां मारी थीं। आज एनकाउंटर से बहुत सुकून मिला है।

## मुख्यमंत्री योगी ने की अफसरों की तारीफ बैठक कर कानून व्यवस्था का लिया जायजा

लखनऊ। उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहा माफिया अतीक अहमद का बेटा असद अहमद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अधिकारियों की तारीफ की और वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री योगी ने यूपीएसटीएफ के साथ, यूपी डीजीपी, स्पेशल डीजी और पूरी पुलिस टीम की सराहना की। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने इस एनकाउंटर की जानकारी मुख्यमंत्री योगी को दी। इस पूरे मामले की रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी को सौंप दी गई है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि किसी भी माफिया को बख्शा नहीं जाएगा। उसे कठोर से कठोर सजा मिलेगी। योगी सरकार जनता को सुरक्षित शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। अतीक अहमद का पुत्र असद उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहा था और पांच लाख रुपये का इनामी था। असद अपने साथी मकसूद के साथ एसटीएफ की मुठभेड़ के दौरान ढेर हो गया। बृहस्पतिवार दोपहर एसटीएफ के डिप्टी एसपी नरेंद्र कुमार एवं डीएसपी विमल कुमार की अगुवाई में एसटीएफ को असद के झांसी से होकर गुजरने की सूचना मिली थी। एसटीएफ टीम ने उसे परीक्षा पावर के पास घेर लिया। एसटीएफ के घेरते ही ही असद ने अपनी विदेशी राइफल से गोली चलाई। एसटीएफ ने भी जवाब में फायर किए। एसटीएफ की गोली लगने से असर मौके पर ही मारा गया।



वहीं अतीक अहमद के पुत्र असद अहमद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर के बाद यूपी पुलिस के एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को प्रमुख गवाह उमेश पाल की हत्या के मामले में आरोपियों की पहचान कर उनके पीछे पुलिस टीम लगाई गई थी। आज हत्यारोपियों को ढेर कर दिया गया है। दोनों अपराधियों पर पांच-पांच लाख रुपये इनाम घोषित किया गया था। इस मौके पर उन्होंने यूपीएसटीएफ की प्रशंसा की और बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब तक पुलिस ने 183 बदमाशों को मार गिराया गया है जिसमें हमारे 13 पुलिसकर्मी भी शहीद हुए हैं।

## देश में ही बनाए जाएंगे 300 से ज्यादा हथियार : प्रधानमंत्री मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 71,000 कर्मियों को नई भर्तियों के नियुक्ति पत्र बांटे। पीएम ने वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए इस दौरान कर्मियों को संबोधित भी किया। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत की संकल्प से सिद्धि के लिए हमारी सरकार युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को सही अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज रफ्तार से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पीएम ने कहा कि पूरी दुनिया कोविड के बाद मंदी से जूझ रही है, ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था लगातार गिरती जा रही है, इसके बावजूद दुनिया भारत को एक उभरते सितारे के रूप में देख रही है।

**भारत में बनेंगे हथियार**– पीएम मोदी ने इसी के साथ एलान किया कि भारत में सेना को भी आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। पीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने सेना के साथ 300 से ज्यादा ऐसे साजो-सामान और हथियारों की लिस्ट तैयार की है, जो अब भारत में ही बनाये जाएंगे और भारत की इंडस्ट्री से ही खरीदे जाएंगे। पीएम ने कहा कि पहले की सरकारें देश के निमार्ताओं पर भरोसा नहीं करती थीं।

**टॉय इंडस्ट्री का हुआ कायाकल्प**– प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि हमने आयात होने वाले खिलौने के लिए क्वालिटी पैरामीटर तय किए और अपनी स्वदेशी इंडस्ट्री को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है। पीएम ने आगे कहा कि 3-4 वर्ष में ही टॉय इंडस्ट्री का कायाकल्प हो गया और रोजगार के अनेकों नए अवसर तैयार हुए हैं।

**गांव तक पहुंची गैस और सड़क**– अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि 2014 में देश में 70 से भी कम जिलों में गैस नेटवर्क का विस्तार हुआ था और आज यह संख्या बढ़कर 630 पहुंच गई है। वहीं, ग्रामीण इलाकों में सड़कों की लंबाई भी 4 लाख किलोमीटर से कम थी, लेकिन आज ये आंकड़ा बढ़कर सवा 7 लाख किलोमीटर से ज्यादा हो चुका है।

## 24 घंटे बाद भी नहीं लगा चार आर्मी जवानों के कातिलों का सुराग, सर्च अभियान जारी

चंडीगढ़। बठिंडा के मिलिट्री स्टेशन में बुधवार तड़के चार आर्मी जवानों की हत्या के मामले में 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। मिलिट्री स्टेशन के अंदर और बाहर सर्च अभियान जारी है। स्कूल बंद हैं और लोगों को घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। वहीं चार जवानों की हत्या के बाद बुधवार दोपहर मिलिट्री स्टेशन में एक जवान की गोली लगने से मौत हो गई थी। बठिंडा कैंट पुलिस स्टेशन के एसएचओ गुरदीप सिंह ने बताया कि सर्विस हथियार की गलती से गोली चलने के कारण लघु राज शंकर की मौत हुई है। इसका बुधवार सुबह हुई चार हत्याओं से कोई संबंध नहीं है। बठिंडा स्थित सेना की छावनी में बुधवार तड़के 4:35 बजे ऑफिसर मेस के पास 80 मीडियम रेजिमेंट की आर्टिलरी यूनिट की बैरक में सो रहे चार जवानों की दो अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध गोलियां और कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई थी। सेना ने किसी आतंकी घटना से इन्कार किया था। जांच में घटनास्थल से इंसास राइफल के 19 खोल मिले थे। सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान ने कहा कि साथ के जंगल से इंसास राइफल भी बरामद हो गई है। इसे फॉरेंसिक जांच को भेजा जा रहा है ताकि पता चल सके कि हत्या इसी हथियार से हुई है या किसी दूसरे से। मृतकों की पहचान सागर बन्ने (25), कमलेश आर (24), योगेश कुमार जे. (24) और संतोष एम नागराल (25) के रूप में हुई है। सेना व पंजाब पुलिस की संयुक्त जांच जारी है। सेना ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज को स्कैन किया जा रहा है। सेना की शिकायत पर दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि तीन दिन पहले कैंट के जंगलों से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था लेकिन इस बारे में पंजाब पुलिस और सेना के किसी भी अधिकारी ने कोई पुष्टि नहीं की है। हालांकि, उक्त मृतक भी सेना से जुड़ा बताया जा रहा है। जो 3 मीडियम रेजिमेंट में तैनात था।

## 'ये नया भारत है, जो आज अपनी सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला कर सकता है'- युगांडा में गरजे एस जयशंकर



कंपाला। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि जो ताकतें दशकों से भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद में लिप्त हैं, वे अब जानती हैं कि यह एक "अलग भारत" है, जो अब उन्हें हर चीज का जवाब देगा। युगांडा में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने यह बात कही। युगांडा में बुधवार को भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए जयशंकर ने देश को नए भारत में बदलने की बात कही। भारत की सीमाओं पर सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बोलते हुए, जयशंकर ने कहा, "आज, लोग एक अलग भारत देखते हैं, जो लड़ने को तैयार है और भारत जो हर तरह से राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना करेगा, चाहे वह उरी हो या बालाकोट हो।" एस जयशंकर ने 2016 में पाकिस्तान से जैश-ए-मोहम्मद के उग्रवादियों द्वारा भारतीय सेना के ब्रिगेड मुख्यालय पर किए गए उरी हमले और पाकिस्तान के बालाकोट में भारतीय युद्धक विमानों द्वारा आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर किए गए 2019 के बालाकोट हवाई हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा, "आज जो ताकतें दशकों तक भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद में लिप्त रहीं और जिसे भारत ने सहन किया, वे अब जानते हैं कि यह एक अलग भारत है और यह भारत उनके हर हरकत का बराबर जवाब देगा।" उन्होंने चीन से लगी सीमा पर चुनौतियों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा,"पिछले तीन साल से समझौतों का उल्लंघन करते हुए चीन बड़ी संख्या में सीमा पर बल लेकर आया है।" उन्होंने कहा कि आज उनका सामना करने के लिए भारतीय सेना काफी ऊंचाई पर और बेहद कठिन परिस्थितियों में तैनात है। विदेश मंत्री ने कहा, "यह स्थिति पहल से बहुत अलग है, क्योंकि अब भारतीय सैनिकों के पास पूर्ण समर्थन है, सही उपकरण और बुनियादी ढांचा है।" उन्होंने स्वीकार किया कि चीन से लगी सीमा पर बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए और काम करना होगा, क्योंकि पहले इसकी उपेक्षा की गई है।

## ललित मोदी को सुप्रीम कोर्ट से फटकार, सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आज IPL के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी को फटकार लगाई है। शीर्ष न्यायालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में न्यायपालिका के खिलाफ ललित मोदी की टिप्पणी को लेकर नाराजगी जताई। कोर्ट ने उन्हें बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश भी दिया है।

**ललित मोदी कानून से ऊपर नहीं...**– जस्टिस एमआर शाह और सीटी रविकुमार की पीठ ने कहा कि ललित मोदी कानून और संस्था से ऊपर नहीं हैं। पीठ ने कहा कि वे ललित द्वारा दायर जवाबी हलफनामे से भी संतुष्ट नहीं है। शीर्ष अदालत ने इसके बाद पूर्व-आईपीएल आयुक्त को सोशल मीडिया और प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्रों में भी माफी मांगने का निर्देश दिया।

**हलफनामा भी दाखिल करना होगा**– शीर्ष अदालत ने ललित को माफी मांगने से पहले एक हलफनामा दाखिल करने का भी निर्देश दिया और कहा कि भविष्य मेंऐसी कोई पोस्ट नहीं की जाएगी जो भारतीय न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने वाली हो।

## 'एनडीए में शामिल होने का कोई सवाल ही नहीं', गृहमंत्री शाह के साथ चर्चा के बाद पूर्व सीएम मांझी का बयान

नई दिल्ली। बिहार की राजनीति में उठापटक के बीच एक नया मोड़ आ गया है। गुरुवार को बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दिल्ली में गृह मंत्री शाह के साथ हुई बैठक में जीतन राम मांझी के साथ एचवीएम के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे। बैठक के बाद मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार में पीएम बनने की सभी विशेषताएं हैं।



**कई मुद्दों पर की चर्चा**– गृह मंत्री से मिलने के कुछ देर पहले पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने कहा था कि कई सारे मुद्दे हैं, जिस बारे में हम चर्चा करेंगे। हालांकि, गृह मंत्री के साथ बैठक के बाद जीतन राम मांझी ने कहा कि एनडीए में शामिल होने का तो सवाल ही नहीं है। मैं नीतीश कुमार के साथ ही रहूंगा। नीतीश कुमार में वह सभी विशेषता है, जो एक प्रधानमंत्री में होना चाहिए। वह विपक्ष को एकजुट करने की ईमानदार कोशिश कर रहे हैं।

**एक दिन पहले नीतीश-तेजस्वी कांग्रेस आलाकमान से मिला**– जीतन राम मांझी की बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि क्योंकि एक दिन पहले बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे से मिलने उनके दिल्ली स्थित निवास पहुंचे थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस दौरान खरगे के साथ ही मौजूद रहे। सभी नेता विपक्षी एकता के मुद्दे को लेकर आपस में बैठक कर रहे थे। तेजस्वी के अलावा सभी नेताओं ने अपना-अपना पक्ष रखा। विपक्षी नेताओं ने एकजुट होने पर सहमति दी थी।

**गठबंधन को एकजुट करने का प्रयासः नीतीश**– नीतीश कुमार ने कहा था कि गठबंधन को एकजुट करने का प्रयास किया गया है। हम सब साथ बैठेंगे और चीजों को तय किया गया है। हम लोगों की इस पर अंतिम तौर पर बात हो गई है। जितने लोग हमारे साथ सहमत होंगे, हम उनके साथ भी बात करेंगे। साथ में बैठने तो दीजिए, हम लोगों को।

**विपक्ष का नजरिया विकसित करेंगेः राहुल**– मौके पर राहुल गांधी ने कहा था कि जो नीतीश जी ने कहा कि विपक्ष को एक करने में बहुत एतिहासिक कदम लिया गया है। कितनी विपक्षी पार्टियों को इकट्ठा करना है। ये एक प्रक्रिया है। विपक्ष का जो भी नजरिया है, उसे हम विकसित करेंगे और जो भी पार्टियां विचारधारा की लड़ाई में साथ आना चाहती हैं उसको लेकर चलेंगे। जो संस्थानों पर आक्रमण हो रहा है, देश पर आक्रमण हो रहा है, उसके खिलाफ हम लड़ेंगे।

## आदित्य का दावा, एकनाथ रो पड़े थे और कहा था कि भाजपा में नहीं गए तो जेल हो जाएगी

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लेकर बड़ा दावा किया है। नेता आदित्य ठाकरे ने दावा किया कि एकनाथ शिंदे शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने से पहले उनके आवास पर आए थे और रोते हुए कहा था कि अगर वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में नहीं जाते हैं तो उन्हें एक केंद्रीय एजेंसी द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

हालांकि, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के विधायक संतोष बांगर ने ठाकरे के दावे का खंडन किया और कहा कि भाजपा से कोई खतरा नहीं है। बांगर ने कहा कि ठाकरे परिवार के खिलाफ 'विद्रोह' का कारण उनका राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के साथ गठबंधन था। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने भी कहा कि शिंदे के खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं और वह एक मजबूत व्यक्ति हैं और वह कभी नहीं रोएंगे। बुधवार को विशाखापत्तनम के एक विश्वविद्यालय में बातचीत के दौरान बोलते हुए महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने आरोप लगाया कि 40 विधायकों ने अपनी सीटों और "पैसे" के लिए शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह किया था। उन्होंने दावा किया, "मौजूदा मुख्यमंत्री (शिंदे) हमारे घर आए और रोने लगे क्योंकि उन्हें एक केंद्रीय एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किया जा रहा था, और उन्होंने कहा 'मुझे भाजपा में जाना होगा अन्यथा वे मुझे गिरफ्तार कर लेंगे'।" पूर्व मंत्री ने कहा, यह उनका सौभाग्य था कि भाजपा यह दिखाना चाहती थी कि यह व्यक्ति असली शिवसैनिक है और हम (भाजपा) उसे मुख्यमंत्री बनाएंगे। कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन का बचाव करते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा कि उन्हें अपने दादा के बारे में "भाजपा के व्हाट्सएप विश्वविद्यालय" की तुलना में ज्यादा जानकारी है। उन्होंने कहा कि मेरे दादा (बाल ठाकरे) का पहले कांग्रेस के साथ गठजोड़ था।

## संपादकीय

### लोकतंत्र की राह

तमिलनाडु में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस की ओर से पथ संचलन के मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है, वह एक तरह से लोकतंत्र का वह आम सबक है, जिसमें विभिन्न विचारों को जगह देना और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी होती है। गौरतलब है कि राज्य में सैंतालीस जगहों पर निकलने वाले पथ संचलन जुलूस के मसले पर राज्य सरकार का कहना था कि वह इसके पूर्ण विरोध में नहीं है, मगर संवेदनशील इलाकों में इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। सरकार का यह रुख तब भी बना रहा जब आरएसएस ने इसे लोगों के शांतिपूर्ण जमा होने के मौलिक अधिकार का हनन बताया था। तमिलनाडु सरकार के रुख को खारिज करते हुए मद्रास हाई कोर्ट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को तय मार्गों से पथ संचलन निकालने की इजाजत दे दी थी। हालांकि राज्य सरकार ने अपनी दलीलों के साथ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अब शीर्ष अदालत ने भी जिस तरह मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा, वह एक तरह से राज्य सरकार के लिए झटका है। देश की लोकतांत्रिक परंपराओं के आलोक में देखें तो इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट के रुख ने एक बार फिर राजनीतिक आग्रहों-पूर्वाग्रहों पर सोचने और उसमें सुधार का मौका मुहैया कराया है। राजनीतिक या सामाजिक मुद्दों पर काम करने वाले किसी संगठन के जुलूस या अन्य कार्यक्रम के आयोजन से उपजने वाली स्थितियों और उसके असर का आकलन करना सरकार की जिम्मेदारी है। वह उसके मुताबिक उसे इजाजत देने या न देने के बारे में अपना रुख करती रही है। लेकिन अगर कोई संगठन पहले ही अपने आयोजन के शांतिपूर्ण होने का भरोसा दे रहा हो, तो उससे किसी को क्यों आपत्ति होनी चाहिए! इसके बावजूद सरकार को परिस्थितियों के मद्देनजर कोई गैरकानूनी या अवांछित घटना होने की आशंका है, तो उसे लेकर सजग रहना और उसके मुताबिक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करना उसी की जिम्मेदारी है। सिर्फ आशंका के आधार पर किसी आयोजन को बाधित करना एक ओर जहां लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन की स्थितियां पैदा करता है, वहीं सुरक्षा व्यवस्था तय करने के लिए जवाबदेह तंत्र की जिम्मेदारी पर भी यह एक सवाल है। इस लिहाज से देखें तो तमिलनाडु सरकार का रुख पहले भी सवालों के घेरे में था, अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद स्थिति स्पष्ट हो जानी चाहिए। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि हमारा देश अलग-अलग विचारों, मतों और समुदायों का ऐसा ठोस समुच्चय है, जिस सबके मिलने से ही इसे मजबूती मिलती है। इसमें भिन्न विचारधाराओं को मानने वाले लोग और समूह अपने विचारों और आस्था के मुताबिक सांस्कृतिक या राजनीतिक गतिविधियां संचालित करते हैं। उससे सहमति रखने वाले लोग ऐसे किसी आयोजन में शामिल होते हैं, बाकी लोगों के लिए भी यह विचारों की भिन्नता भर होती है। परस्पर सहयोग वाले समाज में सद्भाव आधारित आयोजन सामूहिक सामाजिक भावना को मजबूत ही करता है। सही है कि आम जनता की भागीदारी वाले सार्वजनिक समारोहों को कई बार राजनीतिक हित साधने का जरिया बना लिया जाता है और कभी-कभी असामाजिक तत्त्व उथल-पुथल पैदा करने की कोशिश करते हैं। लेकिन ऐसे ही समय में सरकार और उसके प्रशासनिक तंत्र को सजग रह कर कानून-व्यवस्था को कायम रखने की जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। अगर कोई अप्रत्याशित और जोखिम की विकट परिस्थिति न हो तो किसी संगठन की गतिविधियों को सिर्फ राजनीतिक आग्रहों के आधार पर सीमित करने के बजाय सरकार को अपने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षक होने और उदार रवैये का परिचय देना चाहिए। यों भी कोई सरकार समूची जनता की प्रतिनिधि होती है और सबके प्रति समान व्यवहार उसका दायित्व भी है।

### वृद्धि की दर

तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत के सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बने रहने के संकेत आ रहे हैं। वैश्विक प्रभावों के बरक्स अपनी स्थितियों के मद्देनजर नीतिगत फैसलों के जरिए संकट का सामना करना इसकी वजह रही है। कई बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो हालात पैदा होते हैं, उसका असर कमोबेश तमाम देशों पर पड़ता ही है। हालांकि आर्थिक वृद्धि दर के मामले में भारत के रिकार्ड को देखते हुए उम्मीद की जा रही थी कि आने वाले दिनों में इसका आंकड़ा छह फीसद से ज्यादा रहेगा। मगर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ ने अपने एक ताजा आकलन में चालू वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.1 फीसद से घटा कर 5.9 फीसद कर दिया है। कहा जा सकता है कि यह कोई बहुत बड़ा फेरबदल नहीं है, लेकिन आर्थिकी के ढांचे में इतना या इससे भी कम बिंदुओं पर आने वाले फर्क का अर्थव्यवस्था की समग्र तस्वीर पर व्यापक असर पड़ सकता है। हालांकि इस मामले में यह स्थिति अकेले भारत को लेकर नहीं है। आइएमएफ की ओर से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को लेकर जनवरी में अनुमान लगाया गया था कि 2024-25 के लिए वृद्धि अनुमान दर 6.8 फीसद रहेगा। लेकिन अब उस पूवार्नुमान को घटा कर 6.3 फीसद कर दिया गया है। जाहिर है, दुनिया भर में उत्पादन और सेवाओं में उपज रही चुनौतियों के मद्देनजर आर्थिक मोर्चे पर जो उतार-चढ़ाव आ रहे हैं, उसी की पृष्ठभूमि से मंदी के संकेत भी सामने आ रहे हैं। इस वैश्विक उथल-पुथल से शायद चाह कर भी कोई देश अछूता नहीं रह सके। जहां तक भारत का सवाल है, आइएमएफ ने आंकड़ों में भारत में आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट की बात तो कही है, इसके बावजूद उसका कहना है कि यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इससे यही पता चलता है कि अगर कोई देश बुनियादी रूप से अपनी जमीन मजबूत रखता है तो उसे अचानक उपजे उथल-पुथल का सामना करने में भी मदद मिलती है। जिस तरह के आर्थिक झटकों से उबरना दूसरे देशों के लिए कई बार बेहद मुश्किल हो जाता है, उसमें भी भारत न केवल हालात का सामना करता है, बल्कि अपनी रफ्तार को स्थिर बनाए रखने में भी कामयाब रहता है। लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर रोजगार के मोर्चे पर मौजूदा स्थिति बनी रही, बड़ी तादाद में लोगों की क्रयशक्ति में लगातार आ रही गिरावट की वजह से मांग में नरमी बनी रही, तो इससे बाजार में प्रदर्शन में कमजोरी आएगी। जाहिर है, इसका सीधा असर उत्पादन में गिरावट और उसके मुताबिक भारत की आर्थिक वृद्धि दर पर पड़ेगा। यह दूसरे देशों की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले फरवरी के आखिर में भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की ओर से भी देश की कमजोर आर्थिक वृद्धि दर को लेकर चिंता जताई गई थी। अगर इसमें सुधार के उपाय नहीं किए गए तो यह स्थिति बढ़ते श्रमबल की जरूरतों को पूरा करने लिए पर्याप्त नहीं रहेगी। साथ ही, पिछले कुछ समय से ब्याज दर ऊंचा होने के कारण ऋणों की मासिक किस्त में बढ़ोतरी हो गई है। स्वाभाविक ही इसका प्रभाव आम परिवारों के रोजमर्रा के खर्चों पर पड़ा है और मांग में गिरावट आई है। यानी अगर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की मांग के मामले में यह स्थिति नहीं सुधरी तो चिंता और बढ़ सकती है।

# नई अर्थव्यवस्था और डिजिटल भरोसा

आज डिजिटल भरोसा डिजिटल दुनिया में इस कदर महत्त्वपूर्ण हो चुका है कि डिजिटल विश्वास को अब एक नई मुद्रा के रूप में देखा जा रहा है।डिजिटल प्रौद्योगिकी के संसार में पिछले कुछ वर्ष अत्यंत उत्साह और रोमांच से भरे गुजरे हैं। इन वर्षों में हम और अधिक डिजिटल हो गए हैं और दुनिया काफी बदल गई है। आज इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन के हर पहलू में गहरी पैठ बना चुकी है। आज के डिजिटल युग में हम सोशल मीडिया से लेकर बैंकिंग ऐप जैसी विभिन्न आनलाइन सेवाओं पर भरोसा करते हैं। इसी भरोसे के चलते हम अपनी व्यक्तिगत जानकारी और संवेदनशील डेटा डिजिटल सेवा प्रदाताओं को सौंपते हैं। यह डेटा हमारे पासवर्ड और क्रेडिट कार्ड विवरण से लेकर हमारी व्यक्तिगत पसंदों और ब्राउजिंग हिस्ट्री तक कुछ भी हो सकता है।

तकनीकी उन्नति के साथ ही डिजिटल उपकरणों और मंचों पर हमारी निर्भरता दिनोदिन बढ़ती जा रही है। उसके साथ ही विश्वसनीय डिजिटल भरोसे की आवश्यकता भी बढ़ती जा रही है। डिजिटल भरोसा उन डिजिटल उत्पादों और सेवाओं के प्रति उनके उपयोगकताओं के विश्वास का स्तर है। इसका मतलब है कि जब आप डिजिटल दुनिया में कोई संबंध बनाते हैं, तो आप उस पर पूर्ण रूप से भरोसा करते हैं। यह संबंध आपके और दूसरे व्यक्तियों के बीच विनिमय के रूप में हो सकता है, जो विभिन्न विषयों जैसे कि व्यापार, वित्त, संचार और सामाजिक नेटवर्किंग से संबंधित हो सकते हैं। डिजिटल विश्वसनीयता उन सभी उपयोगकताओं के लिए जरूरी है, जो डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हैं, चाहे वे व्यवसायी हों या आम लोग। आज डिजिटल भरोसा डिजिटल दुनिया में इस कदर महत्त्वपूर्ण हो चुका है कि डिजिटल विश्वास को अब एक नई मुद्रा के रूप में देखा जा रहा है। यह डिजिटल आर्थिक प्रणाली के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक सबसे महत्त्वपूर्ण कारक बन चुका है। डिजिटल विश्वास सुरक्षित, विश्वसनीय और संरचित डिजिटल आर्थिक लेनदेन संबंधी जानकारी को संकलित करता है। इसे उपयोगकताओं, निवेशकों और सरकारों के लिए एक महत्त्वपूर्ण मानक माना जाता है।

डिजिटल आर्थिक लेनदेन बढ़ने के साथ ही इससे जुड़ी समस्याएं भी तेजी से उभर रही हैं। साइबर अपराधों, डेटा चोरी, आनलाइन धोखाधड़ी और पहचान चोरी जैसी समस्याएं डिजिटल विश्वास को पीछे धकेल रही हैं। साइबर आक्रमणकारी आपकी निजी जानकारी को नुकसान पहुंचा सकता है, आपके खाते को हैक और अन्य अवांछित क्रियाएं कर सकता है, जो डिजिटल विश्वास को खंडित कर सकता है। डिजिटल भरोसे का अभाव कई तरह की समस्याओं को जन्म दे सकता है। डिजिटल भरोसे के बिना, डिजिटल मानकों और संबंधों का सुरक्षा स्तर बहुत कम हो जाता है। मसलन, अगर एक वेबसाइट पर आपके डेटा को हैक किया जाता है, तो आपकी निजी जानकारी स्थानांतरित हो सकती है। आपको अपराधों का शिकार बनाया जा सकता है। इसके अलावा, आनलाइन धोखाधड़ी, मैलवेयर और आनलाइन फ्राड जैसी समस्याएं भी आपके डिजिटल भरोसे को खतरा पहुंचा सकती हैं। कई बार डिजिटल उपयोगकताओं को नुकसान होता है, जब उनकी निजी जानकारी उनकी संरक्षा के बावजूद उनके हाथ से बाहर निकल जाती है।

डिजिटल भरोसे को इन खतरों से कैसे बचाया जा सकता है, इस पर विचार करना आवश्यक है। डिजिटल विश्व में विश्वसनीयता का निर्माण एक संवेदनशील विषय है, जो आज के समय में बढ़ती डिजिटल उपस्थिति के साथ और भी महत्त्वपूर्ण हो रहा है। स्थायी और उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल उपस्थिति बनाने के लिए विश्वसनीय डिजिटल भरोसा जरूरी है।



यह भरोसा सभी स्तरों पर बनाया जाना जरूरी है। व्यक्तिगत, व्यवसायों और सरकारों के बीच डिजिटल भरोसा बनाने के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण कदम उठाए जाने चाहिए। इसके लिए डिजिटल विश्व में एक ऐसे शक्तिशाली सुरक्षा ढांचे को बनाया जाना जरूरी है, जो उपयोगकताओं के जीवन और व्यवसाय की सुरक्षा को कायम रख सके। विभिन्न तबकों के लोगों के लिए विश्वसनीय डिजिटल विश्वास की आवश्यकता अलग-अलग हो सकती है। व्यापार क्षेत्र में संचार, सौदों की पुष्टि, धोखाधड़ी से बचाव और उत्पादों या सेवाओं की गुणवत्ता पर भरोसा जरूरी होता है। भारत सरकार ने डिजिटल भारत की शुरूआत की है, जिसकी सफलता के लिए आनलाइन फार्म, सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन, कर भुगतान और आनलाइन राशन कार्ड जैसी सेवाओं में भरोसा होना जरूरी होता है।

औद्योगिक तबके के लोग आपस में संचार करते हुए अनेक डिजिटल डेटा और सूचनाओं का उपयोग करते हैं। उन्हें यह जानने के लिए भरोसा होना चाहिए कि उनकी सूचनाएं सुरक्षित हैं और इनका गलत इस्तेमाल नहीं होगा। उच्च आय के लोगों के लिए विश्वसनीय डिजिटल भरोसा उनकी आर्थिक संरचना के बारे में चिंता करता हुआ अधिक महत्त्वपूर्ण होता है। उन्हें बैंकिंग संबंधी सेवाओं और उत्पादों के लिए ज्यादा विश्वसनीय डिजिटल प्लेटफार्म की जरूरत होती है, ताकि वे अपनी संपत्ति को सुरक्षित रख सकें और आर्थिक लेनदेन को सही ढंग से कर सकें। डिजिटल भरोसे की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सुरक्षा तकनीकों का उपयोग किया जाना चाहिए। ये सुरक्षा तकनीकें सुनिश्चित करती हैं कि उपयोगकर्ता के डेटा और गोपनीयता को संरक्षित रखा जाए। ब्लाकचेन ऐसी ही एक तकनीक है, जिसका उपयोग डेटा की गोपनीयता, सत्यापन और निजता को सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। यह एक डिस्ट्रीब्यूटेड डेटा बेस होती है, जो एक निश्चित अंतिमता वाली लेजर पर रखी जाती है। इस तकनीक का उपयोग करके लेनदेन की जांच की जाती और इससे लोगों को उनकी विश्वसनीयता का एक निश्चित स्तर प्राप्त होता है। सभी संस्थानों को डेटा सुरक्षा और गोपनीयता नीतियों का विकास करना चाहिए, जो उनके उपयोगकताओं का विश्वास कायम रखे। डिजिटल भरोसे को बनाए रखने के लिए, कंपनियों और संस्थाओं को सभी सुरक्षा नियमों और निदेर्शों का पालन करना चाहिए और अपनी सुरक्षा नीतियों को निरंतर अद्यतन करना चाहिए।

आधुनिक साइबर सुरक्षा नीतियों और संसाधनों का उपयोग करके डेटा को सुरक्षित रखा जा सकता है। सुरक्षित संसाधनों में एन्क्रिप्टेड संचार, एंटी-वायरस, एंटी-स्पैम, एंटी-मैलवेयर, फायरवाल, एंड पाइंट सुरक्षा, शून्य दिवस सुरक्षा, निरंतर नेटवर्क निगरानी आदि शामिल हो सकते हैं। अपने आनलाइन खातों के लिए सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करना और उसको नियमित रूप से बदलना अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। पासवर्ड को मजबूती प्रदान करने के लिए अक्षर, संख्या और विशेष चिह्न का सम्मिलित उपयोग करना चाहिए। अपने खातों में अधिक सुरक्षा के लिए एक सत्यापन उपकरण का उपयोग किया जा सकता है। जैसे कि एक सत्यापन कोड या अंगुलियों के निशान आदि। डिजिटल मंचों पर स्पष्टता और सत्यापन की अपेक्षा ज्यादा होती है, इसलिए उन्हें पारदर्शिता की नीति का पालन करना चाहिए। यह उपयोगकताओं को अपनी गतिविधियों की सुरक्षा और निजता की गारंटी देता है। एन्क्रिप्शन तकनीक का उपयोग डेटा को सुरक्षित रखता है। इससे आपके डाटा तक सिर्फ अपेक्षित लोगों को ही पहुंच मिलती है। एंटी-फिशिंग टूल का उपयोग करके, कंपनियों और उपयोगकताओं को फिशिंग से बचाया जा सकता है। नकली या चुराए हुए के बजाय असली साफ्टवेयर का उपयोग डेटा को सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है।

# कोरोना को हल्के में लेना बड़ा नुकसान पहुँचा सकता है, पूर्व के अनुभवों से सीख लेनी चाहिए



कोरोना की दहशत ने एक बार फिर कोरोना प्रोटोकाल की पालना के प्रति गंभीर होने के लिए चेता दिया है। ऐसे में कोरोना प्रोटोकाल को लागू करने या लोगों को पालना के प्रति सचेत करने का समय आ गया है। यह इसलिए भी जरूरी हो गया है कि देश में कोरोना प्रोटोकाल की पालना लगभग नहीं की स्थिति में पहुंच गई है तो लोगों की गंभीरता भी नहीं रही है। देश में एक तरफ जहां दिन प्रतिदिन कोरोना के मामलों में उछाल आता जा रहा हैं वहीं कोरोना प्रोटोकाल की पालना करीब करीब समाप्त हो चुकी है। पिछले दिनों में औसतन प्रतिदिन देश में पांच हजार से अधिक कोरोना पोजिटिव मरीज आ रहे हैं और कोरोना के कारण भले ही कम हो, पर मौत के मामले भी आने लगे हैं। एक सप्ताह में ही कोरोना के कारण 68 मौत के समाचार हैं। हालांकि केन्द्र व राज्य सरकारें सजग तो होने लगी हैं व 10 और 11 अप्रैल को समूचे देश में दो दिन की मॉक ड्रिल कर कोरोना से निपटने की तैयारियों या यों कहें कि दवाओं व संसाधनों की उपलब्धता को जांचा परखा जा सके। पर जिस तरह से देश के पांच राज्यों में कोरोना मामलों की बढ़ोतरी ने चिंता में डाल दिया है उसे देखते हुए सतर्कता और सजगता जरूरी हो गयी है।

लगभग समूची दुनिया में यह माना जा चुका है कि कोरोना से बचाव के लिए कोरोना प्रोटोकाल की पालना एक कारगर माध्यम है। आज हम मास्क पहनना भूल गए हैं तो सैनेटाइजर का उपयोग भी लगभग बंद ही हो गया है। इसी तरह से दो गज की दूरी की बात भी इन दिनों तो बेमानी हो चुकी है। मास्क के उपयोग को लेकर पिछले दिनों लोकल सर्कल द्वारा कराए गए सर्वे ने तो चिंता में ही डाल दिया है। सर्वे में सामने आया है कि केवल और केवल 6 प्रतिशत लोग ही मास्क के प्रति थोड़े गंभीर दिख रहे हैं। यानी की 6 प्रतिशत लोग ही मास्क का उपयोग कर रहे हैं। हालात तो यह हैं कि कोरोना तो दूर वायरस जनित बीमारियों के फैलाव के बावजूद देश के किसी भी क्षेत्र के किसी भी अस्पताल में चल जाएं कोई इक्के दुक्के लोग ही मास्क लगाए हुए दिखाई देते हैं। यह तो अस्पतालों के हालात हैं जहां बीमार या उनके तीमारदार ही जाते हैं। ऐसे में यह अपने आप में गंभीर हो जाता है। बाजार, सार्वजनिक परिवहन साधनों, मॉल्स, सिनेमागृहों, राजनीतिक रैलियों, धार्मिक स्थलों आदि पर खोजने से भी मास्क लगाए कोई लोग नहीं दिखते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण के नए मामलों के आना चिंता का सबब बन ही जाता है। खासतौर से केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और तमिलनाडु में जिस तरह से कोरोना संक्रमण का अधिक फैलाव देखा जा रहा है यह चिंतनीय है।

दरअसल कोरोना काल के अनुभव आज भी रूह कंपा देने के लिए काफी है। लंबा लॉकडाउन, सब कुछ बंद, प्रवासी श्रमिकों की हाईवे पर रेला, वेंटिलेटरों और ऑक्सिजन बेड की तलाश में भटकते लोगों और कोरोना संक्रमण से मौत के ग्रास बनते लोगों के चित्र आंखों के समाने घूमने लगते हैं तो सिहर जाते हैं। दवाओं की कमी, दवाओं की अनुपलब्धता और ऑक्सीजन की कमी को भूले नहीं हैं। ऐसे में कोरोना काल के अनुभवों को देखते हुए इन दिनों बढ़ते कोरोना संक्रमण को हल्के से लेने की भूल नहीं करनी होगी। सरकार को जनहित में जहां जागरूकता अभियान तो चला ही देना ही चाहिए वहीं सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने की अनिवार्यता सख्ती से लागू करने की पहल कर देनी चाहिए। खासतौर से चिकित्सालयों में तो सख्ती से पालना होनी ही चाहिए। इसी तरह से सार्वजनिक स्थानों पर सैनेटाइजर के डिस्पेंसर लगा दिए जाएं तो सरकार के लिए यह कोई महंगा सौदा नहीं होगा। सरकार ही क्यों स्वयं सेवी संस्थाओं और दानदाताओं को भी आगे आकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सचेत करने का समय आ गया है। केवल सरकार के भरोसे नहीं रहकर सभी सजग लोगों और संस्थाओं को आगे आना चाहिए। यह नहीं भूलना चाहिए कि इन साधनों के उपयोग पर होने वाले खर्च से कई गुणा नुकसान हम लोग व सरकार लॉकडाउन और अन्य कार्यों पर भुगतते रही हैं। सबकुछ बंद हो उससे बेहतर सुरक्षा साधनों के प्रति जागरूकता और सुविधाएं उपलब्ध कराने से अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। उद्यमियों को भी आगे आना चाहिए और अपने पास से नहीं अपितु सीएसआर के तहत उपलब्ध राशि से ही इस तरह के कार्यक्रमों का संचालन किया जता है तो यह अच्छी पहल मानी जा सकती है। कोरोना में हमने अपने या अपनों में से लोगों को खोया है। ऐसे में गंभीर हो जाना चाहिए वहीं अस्पतालों को अपनी व्यवस्थाओं को समय रहते चाक चौबंद कर लेना चाहिए।

# मुस्लिमों के सवाल पर निर्मला सीतारमण ने पाकिस्तान पर स्ट्राइक कर दुनिया को बड़ा संदेश दे दिया है

भाजपा और मोदी सरकार की छवि मुस्लिम विरोधी के रूप में दशार्ने के काफी प्रयास किये जाते हैं लेकिन यह पहली सरकार है जिसने अन्य दलों की तरह मुस्लिमों को सिर्फ वोट बैंक नहीं समझा बल्कि उनके समावेशी विकास के लिए तेजी से कदम उठाये। पहले की सरकारें जहां तुष्टिकरण की राजनीति करती थीं तो वहीं मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' का नारा देकर अपने कामकाज की शुरूआत की। सभी सरकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को पूरी पारदर्शिता के साथ मिले इसके लिए पहली बार ईमानदार और पारदर्शी तरीके से कदम उठाये गये। नौ साल पहले देश में मुस्लिम समाज से डॉक्टरों, इंजीनियरों और अन्य बड़े पदों पर काम कर रहे लोगों की संख्या की तुलना आज के आंकड़ों से कर लीजिये आपको साफ पता लग जायेगा कि मुस्लिम समाज से डॉक्टर, इंजीनियर भी बढ़े हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर मुस्लिम युवा उद्यमी भी बने हैं। साथ ही मुस्लिम महिलाओं को पहली बार तीन तलाक के अभिशाप से भी आजादी मिली। भारत के मुस्लिम जानते हैं कि वह कितने सुखी हैं लेकिन जो लोग विदेशों में मोदी सरकार की मुस्लिम विरोधी छवि बनाने का अभियान चलाते रहते हैं उन्हें कुछ ना कुछ ऐसा चाहिए होता है जिससे वह अपने झूठे दावों को विश्वसनीय बनाकर नफरत के कारोबार को चला सकें। लेकिन ऐसे लोगों को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने करारा जवाब दिया है।

हम आपको बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है और अल्पसंख्यकों के मुद्दों को लेकर देश को दोष देने वाले लोगों को जमीनी हकीकत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में अनौपचारिक बातचीत के दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत में मुस्लिम जनसंख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि जैसा ज्यादातर लेखों में दावा किया गया है कि मुसलमानों की जिंदगी को मुश्किल बना दिया गया है, अगर इसमें सच्चाई होती तो क्या 1947 के बाद से मुस्लिम आबादी में इजाफा होता..। उन्होंने कहा कि मगर उसी वक्त अस्तित्व में आए पाकिस्तान में स्थितियां इसके उलट हैं। सीतारमण ने कहा कि पाकिस्तान में मुहाजिर (शरणार्थियों), शियाओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा हुई है जबकि भारत में मुस्लिम समुदाय का हर वर्ग अपना काम कर रहा है। उन्होंने कहा, "भारत दो भागों में विभाजित हुआ। पाकिस्तान ने खुद को इस्लामी देश घोषित किया, लेकिन कहा कि अल्पसंख्यकों की रक्षा की जाएगी। परन्तु पाकिस्तान में हर अल्पसंख्यक समूह की संख्या कम होती रही है। कुछ मुस्लिम फिरके के लोगों की भी संख्या कम हुई है।‖ केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि यह धारणा केवल एक भ्रम है कि पूरे भारत में मुसलमानों के खिलाफ हिंसा हो रही है। वित्त मंत्री ने कहा, "ऐसा नहीं हो सकता है। हर प्रांत और उसकी पुलिस अलग है। उनका संचालन उन सूबों की चुनी हुई सरकारें करती हैं। लिहाजा यह अपने आप बताता है कि कैसे इन खबरों को लिखने वालों को भारत में कानून और व्यवस्था की प्रणाली की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, "इसके लिए भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराएंगे तो मैं कहना चाहूंगी कि 2014 से आज के बीच, क्या आबादी घटी है, क्या किसी समुदाय विशेष पर कर्ज बहुत ज्यादा है।‖ सीतारमण ने कहा, "जो लोग इस तरह की खबरें लिखते हैं, मैं उन्हें भारत आने के लिए आमंत्रित करती हूं। मैं उनकी मेजबानी करूँगी।

# बैसाखी का ऐतिहासिक महत्व इतिहास!

हमारी सनातन संस्कृति में प्रत्येक पर्व मनाने के पीछे कोई ना कोई विशेष उद्देश्य या कारण होते हैं "। बैसाखी भी एक ऐसा ही त्यौहार है जो प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को पंजाब व हरियाणा सहित उत्तर भारत के कई हिस्सों में मनाया जाता है। वैसे तो सभी लोग इसे मनाते हैं परंतु विशेषकर किसानों के लिए इसका विशेष महत्व है। खेतों में रबी की फसल पक कर लहलहाती है जिसे देख कर किसान बहुत प्रसन्न होते हैं और इस त्यौहार को मना कर भगवान के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। इस दिन सूर्य मीन राशि से मेष राशि में प्रवेश करते हैं। इस दिन लोग पवित्र नदियों में स्नान करके मंदिरों और गुरुद्वारों में जाते हैं और वहां पाठ और कीर्तन करते हैं। नदियों के किनारे मेले भी लगते हैं। पंजाबी लोग भांगड़ा नृत्य करके अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हैं। विशेषतः सिख समुदाय पंजाब एवं देश भर में उल्लासपूर्वक मनाते हैं । "गुरु अमरदास जी" द्वारा इसे एक मुख्य सिख पर्व के रूप में स्थापित प्रचलित किया गया। बैसाखी सिख समुदाय में "नए सौर वर्ष" के प्रारंभ का प्रतीक भी माना जाता है । पंजाब कृषि प्रधान प्रदेश है, इस समय किसानों का कठोर परिश्रम रबी की फसल के रूप में तैयार होता है । फसल की कटाई हो जाती है और घर, खलिहान नये अनाज से भर जाते हैं। धरती माता और प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का और अपना परिश्रम सफल होने का उल्लास मनाने का पर्व है बैसाखी। बैसाखी के अवसर पर गुरुद्वारों में रोशनी सजावट की जाती है, जुलूस निकाले जाते हैं, नगर संकीर्तन, शबद पाठ किया जाता है । अमृतसर में हरमिंदर साहिब स्वर्ण मंदिर में बैसाखी का मेला एवं जुलूस अत्यंत दिव्य एवं भव्य होता है। कहा जाता है कि ऋषि भागीरथ ने गंगा को पृथ्वी पर उतारने के लिए जो तपस्या की थी वह बैसाखी के दिन ही पूर्ण हुई थी। बैसाखी को अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग रूप से मनाया जाता है, जैसे असम में बिहू, केरल में विशु और बंगाल में नबा बार्ष। वास्तव में यह दिन प्रकृति से जुड़ने का दिन है और हम सबको मिलजुल कर पूरे उत्साह के साथ यह त्यौहार मनाना चाहिए।



**खालसा पंथ की स्थापना**- सिखों के लिए इस त्यौहार का विशेष महत्व है। इस दिन सिखों के दशम पिता गुरु, गुरु गोबिन्द सिंह जी ने 1699 में श्री आनंदपुर साहिब में 'खालसा पंथ' की स्थापना की थी । उन खालसा योद्धाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का पर्व भी है बैसाखी।‖खालसा‖ खालिस शब्द से बना है। इसका अर्थ है‖ शुद्ध, पावन या पवित्र । इसके पीछे गुरु गोबिन्द सिंह जी का मुख्य उदेश्य लोगों को मुगल शासकों के अत्याचारों और जुल्मों से मुक्ति दिलाना था। खालसा पंथ की स्थापना द्वारा गुरु गोविन्द सिंह जी ने लोगों को जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव छोड़कर धर्म और नेकी पर चलने की प्रेरणा दी।

**स्वाधीनता और बैसाखी**- बैसाखी के त्यौहार को स्वतंत्रता संग्राम से भी जोडा जाता है। इसी दिन वर्ष 1919 को हजारों लोग रॉलेट एक्ट के विरोध में पंजाब के अमृतसर में स्थित जलियांवाला बाग में एकत्र हुए थे। यहां जनरल डायर ने हजारों निहत्थे लोगों पर फायरिंग करने के आदेश दिए थे। इस घटना ने देश की स्वतन्त्रता के आंदोलन को एक नई दिशा प्रदान की ।

# चार केंद्रों पर मात्र 704 क्विंटल गेंहू की खरीद, साहूकारों की चांदी

नगरा, बलिया। प्रदेश शासन के निर्देश पर पहली अप्रैल से गेंहू की खरीद शुरू की गयी है। नगरा क्षेत्र में चार क्रय केंद्र बनाये गये हैं। शासन द्वारा गेंहू का सरकारी रेट 2125 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। बारह दिन बीतने के बाद भी खरीद का कार्य रफ्तार नही पकड पा रहा है। चार केंद्रों पर अब तक केवल 704 क्विंटल गेंहू खरीदा गया है। इसमें सबसे अधिक खाद्य विभाग द्वारा नगरा में संचालित क्रय केंद्र है जहां 5 किसानों से 406 क्विंटल गेंहू खरीदा गया है। पीसीएफ द्वारा संचालित साधन सहकारी समिति खारी पर 1 किसान का 38 क्विंटल गेंहू खरीदा गया है। साधन सहकारी समिति करनी पर 1 किसान से 30 क्विंटल की खरीदारी हुई है। साधन सहकारी



समिति कसौंडर पर 4 किसानो का 230 क्विंटल गेंहू खरीदा गया है। केंद्र प्रभारियों की माने तो किसान अपना गेंहू लेकर केंद्र पर पहुंच ही नही रहें हैं। इसका कारण साहूकारों का अधिक रेट पर खेत से ही गेंहू खरीद लेना है। सरकारी रेट 2125 रुपये है जबकि साहूकार खेत में ही जाकर दो हजार व ढाई हजार रुपये प्रति क्विंटल गेंहू खरीद रहे हैं। किसान भी सोचता है कि सरकारी क्रय केंद्र पर ले जाने पर किराया भाडा लगेगा ही परेशानी भी होगी। इससे अच्छा है साहूकारों से तुरंत नकदी मिल जा रही है। कहीं कहीं पर तो व्यापारी 21 सौ रुपये की दर से गेंहू खरीद ले रहें हैं। केंद्र प्रभारी , विपणन निरीक्षक दानिस खान का कहना है कि केंद्रों पर गेंहू की आवक कम हो गयी है। इसका कारण साहूकारों का सक्रिय होना है। जो किसान गेंहू लेकर आ रहें हैं उनकी खरीद हो रही है। साधन सहकारी समिति खारी के प्रभारी लालबाबू सिंह, करनी के प्रभारी रामाश्रय यादव व साधन सहकारी समिति कसौंडर के केंद्र प्रभारी हरेंद्र सिंह ने भी बताया कि किसान गेंहू लेकर केंद्र पर पहुंच ही नही रहें हैं। साहूकार खेतों से ही गेंहू खरीद ले रहें है। सरकारी रेट कम होने से किसानों का मोह भंग हो चुका है।

# मदरसा में रोजा इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन



नगरा, बलिया। रमजान के पाक महीने में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर के मदरसा अरबिया खादिमुल इस्लाम में मंगलवार रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। अली ग्रुप द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में नगर के रोजेदारों एवं नमाजियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इफ्तार पार्टी के बाद हुए नमाज में मुल्क की सलामती एवं अमन चैन के लिए दुआएं मांगी गई। अंत में मदरसे के सेक्रेटरी एडवोकेट शफीक अहमद ने कहा कि रोजा इफ्तार पार्टी के आयोजन से प्रेम व सौहार्द्र को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि ईद से पहले पड़ोसियों, असहायों एवं गरीबों से मिलकर उनकी मदद करना चाहिए ताकि गरीबों की ईद भी खुशहाली से बीत सके। इस मौके पर हाफिज गुलाम नबी आजाद, मो इमरान, हारून अली, मो सुलेमान, अफजल अली, ओसामा इश्तेयाक, मो आयान, मो अरबाज, आसिफ मोहम्मद, दानिश अमन सहित काफी संख्या में रोजेदार मौजूद रहे।

## उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जिलाधिकारी द्वारा प्रेषित पत्र सौंपा

बलिया। जनपद में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष टुनटुन शर्राफ अपने दर्जनों कार्यकर्ता एवं व्यापारी बंधुओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच डीएम द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्रक सौंप व्यापारी बंधुओं के प्रति चिंता व्यक्त की । दरअसल आचार संहिता लागू होने पश्चात क्षेत्र बहुत सारे चीजों पर पाबंदी लग जाती है इसमें व्यापारियों के लिए लेन देन की समस्या मुख्य है जिसमे व्यापारी बंधु नगद धनराशि को व्यापार करने के लिए एक जिले से दूसरे जिले जाते है इस दौरान रास्ते में तैनात अधिकारियों के द्वारा परेशान किया जाता है जिससे व्यापारी बंधुओं को व्यापार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । साथ ही जिलाधिकारी से आगजनी से परेशान किसानों को उचित निर्देश जारी करने का आग्रह किया जिससे की कम से कम आगजनी से किसान बच सके । इस दौरान नगर महामंत्री हरिनारायण गुप्ता प्रदेश संयुक्त महामंत्री अभिजीत सिंह युवा जिला अध्यक्ष अभिषेक सोनी युवा नगर अध्यक्ष सुमित गुप्ता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सोनी तिवारी के साथ दर्जनों व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारी गण मौजूद रहे ।



# डीएसपी पद पाने वाले आलोक कुमार सिंह को किया गया सम्मानित

बिल्थरारोड (बलिया)। विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेमरी बलिया के बहुउद्देशीय कक्ष में यू.पी.पी.एस.सी.2022 की परीक्षा में सफलता अर्जित कर 45वां स्थान पाकर डीएसपी पद पाने वाले आलोक कुमार सिंह को बुधवार को सम्मानित किया गया। उच्च संस्कारयुक्त आलोक कुमार सिंह महाविद्यालय में आते ही सभी शिक्षकों से पैरछुकर आशीर्वाद लिया। आलोक सिंह के कालेज में पहुंचते ही गगनभेदी नारों एवं तालियों की तड़तड़ाहट से परिसर गूंजने लगा। डॉ टी एन मिश्रा संस्थापक एवं राष्ट्रीय संयोजक ब्रह्मशक्तिसंघ भारत ने पुष्पहार एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया और कहा कि आलोक कुमार सिंह की इस सफलता से हम सभी अत्यंत गौरवान्वित हैं। यह हम सभी के लिए खुशी का क्षण है। उक्त कार्यक्रम में निजामुद्दीन , अशफाक , जगन्नाथ मिश्र,डॉ सुनील कुमार सिंह,डॉ राकेश कुमार यादव,डॉ नीरज यादव,राकेश शर्मा,हेमंत कुमार मिश्र,आनन्द कुमार मिश्र,जयगोविंद पाण्डेय,प्रेमचंद मौर्य,चंदन,निर्भय यादव,संतोष श्रीवास्तव,सन्नीलाल श्रीवास्तव, आदर्श यादव,दीलिप कुमार,मनोज कुमार आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। आलोक कुमार सिंह भुजैनी के श्री राम बचन सिंह पटेल जो बरौली में अध्यापक हैं। उनके छोटे पुत्र हैं । डॉ राकेश यादव एवं डॉ अशफाक ने कहा कि आलोक ने माता-पिता के साथ साथ गांव,क्षेत्र जिले का नाम रोशन किया है।जिससे हम सभी गौरवान्वित हैं। कार्यक्रम में डॉ अशफाक ने पुष्पहार एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया।



# निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्रों पर भी गर्भवती को मिलेगी जांच की सुविधा

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जुड़े पांच निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्र

प्रखर कुशीनगर। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर जांच कराने आने वाली गर्भवती को अब अल्ट्रासाउंड जांच निजी केन्द्र भी कराने की सुविधा है । इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने पांच निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्र को अनुबंधित किया है। स्वास्थ्य विभाग प्रशासन अभी और केन्द्रों को अनुबंधित करेगा। गर्भवती का अल्ट्रासाउंड कराने के लिए क्यूआर कोड मिलेगा, जिसके सहारे वह इन निजी केन्दों पर जाकर अल्ट्रासाउंड करा सकेंगी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुरेश पटारिया ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस हर माह की नौ और 24 तारीख को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान कर उनका सुरक्षित प्रसव कराना है। ऐसे में हर माह नौ और 24 तारीख को जिला अस्पताल सहित अन्य प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित होने वाले पीएमएसएमए दिवस पर गर्भवती की जांच कर दवाओं के साथ अन्य आवश्यक सेवाएं दी जाती है। सीएमओ ने कहा कि जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हाटा पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध है। अन्य अस्पतालों पर जाने वाली गर्भवती का अल्ट्रासाउंड जांच अनुबंधित अल्ट्रासाउंड केन्द्र पर क्यूआर कोड के जरिए कराया जाएगा।

**क्यूआर कोड जनरेट होने पर होगी जांच**– मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला परामर्शदाता डॉ.रितेश तिवारी जी ने बताया कि गर्भवती की स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सक मोबाइल नंबर सहित सूची तैयार करेंगे, जो डीपीएमयू कार्यालय भेजी जायेगी। इसके बाद प्रत्येक गर्भवती का एक क्यूआर कोड जनरेट कर उसके मोबाइल नंबर पर भेज दिया जाएगा। गर्भवती उक्त केन्द्र पर जाकर क्यूआर कोड स्केन कराकर अल्ट्रासाउंड जांच करा सकेंगी। ग्यारह और निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्र अनुबंधित किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

**अनुबंधित किए गए यह सेंटर**

-प्रकाश अल्ट्रासाउंड सेंटर कसया।
-न्यूराज अल्ट्रासाउंड सेंटर फाजिलनगर
-आदर्श डायग्नोस्टिक सेंटर कप्तानगंज
-श्याम डायग्नोस्टिक सेंटर तमकूहीराज
-फ्रेंड्स डायग्नोस्टिक सेंटर मोतीचक

**सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक करा लें अनुबंध-सीएमओ** – मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए पीएमएसएमए दिवस पर आने वाली गर्भवती को अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा देने के लिए अब निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्र भी अनुबंधित किए जा रहे हैं। अभी पांच केन्द को अनुबंधित किया जा चुका है जल्द ही अन्य सेंटर भी अनुबंधित किए जाएंगे । ऐसे में सभी निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्र संचालक अपने सभी अभिलेख दुरूस्त कराते हुए अनुबंध करा लें।

**क्यूआर कोड से कराया अल्ट्रासाउंड**– ग्राम पंचायत बरवा कोटवा निवासी बबीता ( 24) ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर पर जांच कराने कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर गयी थी। चिकित्सक ने जांच कर अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। इसके बाद वही पर उनके मोबाइल पर एक क्यूआर कोड मिला। जिसे दिखा कर प्राईवेट अल्ट्रासाउंड केन्द्र पर जाकर अल्ट्रासाउंड करा लिया। कोई खर्च नहीं लगा। सरकार और स्वास्थ्य विभाग की यह व्यवस्था अच्छी है, उसी दिन जांच भी हो गयी थी।

# रेड क्रॉस बलिया ने कायम की मानवता की मिसाल

बलिया। सिकंदरपुर तहसील के मुहल्ला मिल्की (वार्ड नं-10) स्थित राजभर बस्ती में रेड क्रॉस सोसायटी बलिया द्वारा राहत सामग्री वितरण किया गया। बताते चलें कि दिनांक - 09/04/23 को कतिपय कारणों से भीषण आग लगने से 06 परिवारों क्रमशः धितठू राजभर पुत्र सरजू राजभर, पप्पू राजभर पुत्र मिट्ठू राजभर, कैलाश राजभर पुत्र सरजू राजभर, मुन्नी देवी पत्नी स्व हृदय राजभर, रामजी राजभर पुत्र मिट्ठू राजभर व सुदामा पुत्र कैलाश सभी परिवारों का घर गृहस्थी का सामान जल गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी/अध्यक्ष इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी बलिया के निर्देशन के क्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/सचिव इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी बलिया डॉ आनंद कुमार के नेतृत्व में तहसीलदार सिकंदरपुर श्रवण राठौर के द्वारा अग्निपीड़ितों को रेड क्रॉस सोसायटी के सौजन्य से राहत सामग्री वितरित की गई। जिसमें प्रति परिवार किचेन सेट, तिरपाल, हाइजिन कीट, काटन कंबल (दो), धोती (दो), टी-शर्ट (दो), बाल्टी सेट इत्यादि दिया गया। इस अवसर पर आयुष्मान भारत योजना के जिला शिकायत प्रबंधक श्री अनुपम सिंह ने योजना के संबंध में लोगों को जानकारी दी। तहसीलदार श्री राठौर ने रेड क्रॉस सोसायटी बलिया की सराहना करते हुए कहा कि रेड क्रॉस टीम लगातार जरुरतमंदों की सहायता में सदैव तत्पर रहती है। चाहे वो ठंढ़ राहत की बात हो या बाढ़ राहत की या फिर अग्निपीड़ितों की सहायता हो इसके लिए मैं पूरी टीम को सहृदय धन्यवाद देता हूं। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी से जिला समन्वयक शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, डॉ पंकज ओझा, नंदिनी सिंह क्षेत्रीय लेखपाल विनय यादव, आर. के पवन पाण्डेय, सोनु कुमार गुप्ता, उमाशंकर राजभर, संजय जायसवाल एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मिथुन के बेटे नमाशी चक्रवर्ती व नई अदाकारा अमरीन अभिनीत फिल्म बैड बॉय का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। नमाशी चक्रवर्ती और अमरीन द्वारा अभिनीत फिल्म बैड बॉय के सॉन्ग्स और टीजर को दर्शकों से जबरदस्त तारीफें मिल रही हैं इस आगामी रोमांटिक कॉमेडी को देखने के लिए फैंस के बीच उत्साह सिर चढ़ कर बोल रहा है जिसे साजिद कुरैशी और अंजुम कुरैशी द्वारा निर्मित किया गया है` फैंस के बीच उत्साह की लहरों को और अधिक बढ़ाते हुए बैड बॉय के निमार्ताओं ने 13 अप्रैल गुरुवार को एक कार्यक्रम में फिल्म के ट्रेलर का अनावरण किया जिसका आयोजन वाराणसी के आनन्द मन्दिर सिनेमा हाल में हुआ यह ट्रेलर दो विपरीत पक्षों के प्यार में पड़ने और एक-दूसरे का साथ पाने के लिए राह में आने वाली सभी बाधाओं से लड़ने की कहानी को बयां करता है` फिल्म के बारे में बात करते हुए नमाशी



चक्रवर्ती ने कहा फिल्म बैड बॉय के साथ अपने सफर की शुरूआत करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है मैं एक बेपरवाह और बिंदास लड़के का किरदार निभा रहा हूँ जिसका नाम रघु है` यह किरदार व्यक्तिगत रूप से मुझसे काफी मेल खाता है हमने इस फिल्म के माध्यम से दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाने की भरपूर कोशिश की है और हमें उम्मीद है कि उन्हें यह फिल्म देखकर उतना ही आनंद मिलेगा जितना कि हमें इसे बनाते समय मिला` नई अदाकारा अमरीन ने कहा की एक नए कलाकार के रूप में बैड बॉय के साथ शुरूआत करना और इंडस्ट्री के सबसे महान निर्देशकों में से एक राजकुमार संतोषी के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इस फिल्म को साइन करने का मौका मिलेगा मुझ पर विश्वास करने और यह मौका देने के लिए मैं हमारे फिल्म निमार्ता साजिद कुरैशी की बहुत आभारी हूँ मुझे उम्मीद ही नही बल्कि पूर्ण विश्वास है कि दर्शक हमारी फिल्म पर उतना ही अपार प्यार बरसाएँगे जितना कि उन्होंने इस फिल्म के सॉग्स पर बरसाया है` फिल्म के बारे में बात करते हुए फिल्म निमार्ता साजिद कुरैशी ने कहा बैड बॉय की कहानी सिर्फ एक फिल्म तक ही सीमित नहीं है इससे हमारी कई भावनाएँ जुड़ी हुई हैं। इनबॉक्स पिक्चर्स का लक्ष्य हमेशा से ही गहनता से दर्शकों का मनोरंजन करना रहा है और फिल्म बैड बॉय हमारे इस लक्ष्य पर खरा उतरने का वादा करता है` बैड बॉय की कहानी न सिर्फ आपको अंत तक खुद से जोड़े रखेगी, बल्कि आपको गुदगुदाने के साथ आपके दिल को भी छू लेगी` राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक कॉमेडी में जॉनी लीवर, राजपाल यादव, शाश्वत चटर्जी, दर्शन जरीवाला और राजेश शर्मा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं बैड बॉय के संगीत को हिमेश रेशमिया ने तैयार किया है` अंजुम कुरैशी और साजिद कुरैशी द्वारा इनबॉक्स पिक्चर्स के बैनर तले फिल्म बैड बॉय को निर्मित किया गया है यह फिल्म 28 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तरह तैयार है।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, सामान बरामद

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर पुलिस ने गुरुवार को सिंधोरा थाने में पंजीकृत चोरी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को चोरी के सामान के साथ 3 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फूलपुर पुलिस ने थाना सिंधोरा पर धारा- 380 व 457 के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त राजकुमार राजभर पुत्र स्व0 रिखई निवासी सरायसुल्तानपुर थाना खानपुर जनपद गाजीपुर को मुखबिर की सूचना पर फूलपुर के मीराशाह के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 जिंदा कारतूस तथा चोरी के दो डेक अल्युमिनीयम, 2 बाल्टी स्टील , एक भगोना स्टील , सिलिंग पंखा व एक गैस चूल्हा समेत विद्यालय के रसोइया के कई समान को बरामद किया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। विदित हो कि 2 जनवरी 2023 को सिंधोरा थाना क्षेत्र के नारायणपुर प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर उक्त आरोपित ने सामान चुरा लिया था। जिसमे प्रधानाध्यापक दिनेश सिंह ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### नवागत क्षेत्राधिकारी नगर श्री एस. एन. वैभव पांडेय ने किया कार्यभार ग्रहण

बलिया। नवागत क्षेत्राधिकारी नगर श्री एस. एन. वैभव पांडेय ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। श्री पांडेय इससे पहले 48 बटालियन पीएससी, सोनभद्र में तैनात थे। 2012 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस अधीक्षक बलिया के मार्गदर्शन में जो भी कार्य होंगे बखूबी उसको करूंगा इसके अलावा शांति व्यवस्था बनाए रखना मेरी पहली प्राथमिकता होगी अगर नगर की पुलिस की कोई समस्या हो तो तुरंत हमारे कार्यालय में आवेदन पत्र सहित मोबाइल नंबर अंकित हो ताकि समस्या का समाधान हो सके। इसके अलावा आपातकाल सेवा में 112 पर 24 घंटे पुलिस सेवा बहाल रखी है। उन्होंने ने कहा कि बलिया नगर क्षेत्र अपने आप में एक अलग पहचान रखता है इस पहचान को बरकरार रखते हुए भाईचारे एकता बनाए रखें।

### बाइक के धक्के से साईकिल सवार 50 वर्षीय एक अधेड़ घायल

सिकन्दरपुर (बलिया)। नगरा मार्ग पर स्थित रामपुर कटराई गांव के सामने बुधवार को सुबह बाइक के धक्के से साईकिल सवार 50 वर्षीय एक अधेड़ घायल हो गया। घायल का इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है। जानकारी के अनुसार स्थानीय नगर के मोहल्ला भीखपुरा निवासी फूल मोहम्मद कपड़ा बेचने साईकिल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जा रहे थे। वह जैसे ही रामपुर कटराई गांव के सामने पहुंचे कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने साईकिल में धक्का मार दिया, जिससे फूल मोहम्मद सड़क पर गिर कर बुरी तरह से जख्मी हो गए। दुर्घटना के बाद अज्ञात सवार बाइक ले कर भाग गया, जबकि मौके पर इकट्ठा राहगीरों व गॉव वालों ने फूल मोहम्मद को इलाज हेतु तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### अचानक लगी आग से लाखों रुपए का समान जलकर राख

बेरुआरबारी बलिया। सुखपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिड्ढा में बुधवार को सांय अचानक लगी आग से लाखो रुपए कीमती लकड़ी, गृहस्ती व श्रृंगार दुकान का समान जल कर राख हो गया। ग्रामीणों के प्रयास से घंटो बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी हो की मिड्ढा निवासी रामशीला शर्मा का घर बेरुआरबारी-सुखपुरा मुख्य मार्ग पर स्थित है। बुधवार को सांय 4 बजे के करीब घर के पुरुष सदस्य किसी के घर दरवाजा बनाने घर से बाहर गये थे तथा घर की महिलाये घर के अंदर थी की तभी अचानक आग की लपते व धुएँ को देख सड़क से गुजर रहे राहगीरो ने शोर मचाना शुरू किया। तेज पछुवा हवा के चलते लोग आग के पास नहीं जा पा रहे थे चारो तरफ से ग्रामीणों ने टुल्लू पम्प व बाल्टी से पानी डाल किसी तरह घंटो बाद आग पर काबू पाया गया। इस आग में रामशीला शर्मा का लाखों रुपए के लकड़ी, जनरेटर, चौकी, लकड़ी के बनाकर रखे दरवाजा, जगला आदि समान व रमेश शर्मा उर्फ मुन्ना का गुमटी की दुकान में रखा हजारों रुपए के श्रृंगार के समान सहित गुमटी जलकर राख हो गया।

### बाइक से टकराकर तीन घायल

बिल्थरारोड (बलिया)। स्थानीय नगर के युनियन बैंक के पास एक एक व्यक्ति अचानक बाइक के सामने आ गया। जिसको बचाते बचाते समय बाइक उसमें जा टकराई जिससे तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार फरसाटार से बाईक सवार हो कर बिल्थरारोड सब्जी मंडी के तरफ जा रहे थे। तभी युनियन बैंक के पास बीच रोड पर अचानक एक ब्यक्ती उनके बाईक के सामने आ गया। उनकी बाइक उस ब्यक्ती से टकरा गई। वह रोड पर गिर पड़े। घटना की सुचना मिलते ही पुलिस चौकी सीयर की कांस्टेबल मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन मे तीनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर में प्राथमिक उपचार के लिए दाखिल कराया गया। जहा अकाश कुमार पुत्र राजेश कुमार 20 वर्ष निवासी तेलमाजमालुद्दिनपुर, व दूसरा राहुल कुमार पुत्र हरिनाथ उम्र 19 वर्ष निवासी फरसाटार वह तीसरा घायल घुरा पुत्र विक्रम उम्र 50 बिल्थरारोड नगर के निवासी है। बाईक चला रहा युवक अकाश की हालत बहुत ही नाजुक बना हुआ है। उसे होस नहीं आया है। और हालात को गम्भीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए परिजन उसे निजी साधन से मऊ लेकर चले गये।

## हेमा मालिनी ने मुंबई में मेट्रो व ऑटोरिक्शा से किया सफर



मुंबई (आईएएनएस)। लग्जरी कारों को छोड़कर दिग्गज अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी ने मुंबई में पब्लिक ट्रांसपोर्ट से सफर करने का फैसला किया। हेमा ने इंस्टाग्राम पर मुंबई मेट्रो स्टेशन की कई तस्वीरें और वीडियो साझा किए और आभार भी जताया। मुझे आप सभी के साथ अपना अनूठा, अद्भुत अनुभव शेयर करना चाहिए। कार से दहिसर पहुंचने में 2 घंटे का सफर तय किया, यात्रा काफी थकाऊ थी जिसके बाद मैंने कार की बजाय मेट्रो से यात्रा करने का फैसला लिया। यह बहुत आरामदायक और खुशी से भर देने वाला था। जब ये बन रही थी, तो काफी परेशानी हो रही थी, लेकिन बनने के बाद बिल्कुल तेजी से मैं आधे घंटे में जुहू पहुंच गई।

**हेमा ने इंस्टाग्राम पर मुंबई मेट्रो स्टेशन की कई तस्वीरें और वीडियो साझा किए**

इसके बाद, उन्होंने बताया कि उन्होंने मेट्रो से उतरने के बाद ऑटो से घर जाने का फैसला किया। मेट्रो के अपने अनुभव के बाद मैंने डीएन नगर से जुहू तक ऑटो से जाने का फैसला किया और वह भी पूरा हो गया। ऑटो ने मुझे मेरे घर पर उतारा। यह देख सुरक्षाकर्मियों को हैरानी हुई, वह अपनी आँखों पर विश्वास नहीं कर रहे थे! सब मेरे लिए एक अद्भुत, सुखद अनुभव था।

## टिकटॉक पर प्रतिबंध से व्यक्तिगत साइबर सुरक्षा हो सकती है कमजोर




न्यूयॉर्क (द कन्वरसेशन)। टिकटॉक पहला ऐसा ऐप नहीं है जिसकी अमेरिकी उपयोगकर्ता डेटा के संभावित जोखिम को लेकर जांच की गई है, लेकिन यह व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला ऐसा पहला ऐप जरूर है, जिस पर अमेरिकी सरकार ने गोपनीयता और सुरक्षा चिंताओं के कारण प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव दिया है। अब तक चर्चा इस बात पर केंद्रित है कि क्या टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

इस बात पर बहुत कम चर्चा हुई है कि क्या टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है, और टिकटॉक पर प्रतिबंध से साइबर सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों की लगभग कोई चर्चा नहीं हुई है, जिसमें उपयोगकर्ताओं को प्रतिबंध से बचने और ऐप तक पहुंचने के लिए अंतर्निहित सुरक्षा तंत्र से खिलवाड़ नहीं करने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है। एक साइबर सुरक्षा शोधकर्ता के रूप में, मुझे संभावित जोखिम दिखाई देते हैं यदि अमेरिका टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास करता है। जोखिम का प्रकार प्रतिबंध के प्रकार पर निर्भर करता है।

माना जाता है कि टिकटॉक के स्वामित्व वाले पतों के लिए नियत ट्रैफिक को फिल्टर करके टिकटॉक तक पहुंच को रोकना संभव है, लेकिन इसे पूरा करना मुश्किल होगा। सर्वर के पते बदले जा सकते हैं और टिकटॉक पर प्रतिबंध चूहे-बिल्ली के खेल में तब्दील हो सकता है। इसके अतिरिक्त, वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का उपयोग करके इस प्रकार के ब्लॉक को बायपास किया जा सकता है, जो सर्वर और उपकरणों के बीच प्रवाहित डेटा को एन्क्रिप्ट करता है। डीएनएस सिंकहोल्स एक अन्य तकनीक है जिसका उपयोग टिकटॉक बैन में किया जा सकता है। डीएनएस, डोमेन नेम सिस्टम, एक नेटवर्क प्रोटोकॉल है जो इंटरनेट की फोन बुक की तरह व्यवहार करता है। सर्वर के साथ संवाद करने के लिए कंप्यूटर को सर्वर का आईपी पता जानने की आवश्यकता होती है। डीएनएस एक कंप्यूटर को उस पते तक पहुंचने में मदद करता है जो मनुष्यों के लिए याद रखने के लिए सुविधाजनक नाम का उपयोग करता है, जैसे कि डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.गूगल.कॉम।

डीएनएस सिंकहोल सीधे किसी सर्वर तक पहुंच को ब्लॉक नहीं करते हैं। बल्कि, वे अन्य कंप्यूटरों को सर्वर का पता खोजने में सक्षम होने से रोकते हैं। डीएनएस सिंकहोल के बारे में यह सोचना उचित है कि किसी का नाम फोन बुक से हटा दिया जाए। डीएनएस सिंकहोल्स का उपयोग अक्सर आपत्तिजनक सामग्री और विज्ञापनों को रोकने के लिए किया जाता है। इन्हें टिकटॉक बैन में इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, डीएनएस सिंकहोल केवल तभी काम करते हैं जब लुकअप डीएनएस सर्वरों तक सीमित होते हैं जो सिंकहोल्स के रूप में कॉन्फ़िगर किए जाते हैं। डीएनएस सिंकहोल्स का उपयोग करने पर प्रतिबंध से अधिकांश डीएनएस सर्वर कवर हो जाएंगे जो लोगों के कंप्यूटर डिफ़ॉल्ट रूप से उपयोग करते हैं।

**प्रतिबंध के प्रकार पर निर्भर करता है जोखिम का प्रकार**

टिकटॉक को प्रतिबंधित करने का एक और तरीका है टिकटॉक मोबाइल ऐप को ब्लॉक करना। यह अमेरिकी उपयोगकर्ताओं की टिकटॉक वेबसाइट तक पहुंचने की क्षमता को प्रभावित नहीं करेगा, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि लोग कितनी बार टिकटॉक का उपयोग करते हैं। ऐप को ब्लॉक करने से इस चिंता का समाधान हो सकता है कि टिकटॉक का उपयोग उपयोगकर्ता की जानकारी के बिना किसी नेटवर्क पर अन्य सिस्टम तक पहुंचने के लिए किया जा सकता है जिससे मोबाइल डिवाइस जुड़ा हुआ है। ऐप स्टोर से टिकटॉक को हटाना अपने आप सफल होने की संभावना नहीं है। एंड्रॉइड और आईओएस दोनों डिवाइसों में वैकल्पिक स्रोतों से ऐप इंस्टॉल करने की क्षमता है, एक तकनीक जिसे साइडलोडिंग के रूप में जाना जाता है।

## 'टिकटॉक' पर आपत्तिजनक वीडियो साझा करने पर भारतीय को सजा

लंदन (भाषा)। ब्रिटेन की एक अदालत ने 68 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को सोशल मीडिया ऐप 'टिकटॉक' पर एक खास समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो साझा करने का दोषी ठहराते हुए 18 महीने की सजा सुनाई है।

अदालत ने पिछले सप्ताह जारी अपने आदेश में बर्कशायर निवासी अमरीक बाजवा पर 240 पाउंड का जुर्माना भी लगाया। पुलिस ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, 'थेम्स वैली पुलिस की जांच के बाद, एक व्यक्ति को सोशल मीडिया के जरिये आपत्तिजनक संदेश साझा करने के लिए सजा सुनाई गई है।' बाजवा ने पिछले साल 19 जुलाई को टिकटॉक पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें दलित समुदाय को निशाना बनाया गया था। जांच अधिकारी एंड्रयू ग्रांट ने कहा, 'मैं दी गई सजा से खुश हूं, जो साफ संदेश देती है कि थेम्स वैली पुलिस अमरीक बाजवा जैसा व्यवहार बर्दाश्त नहीं करेगी।'

## भारत की मंजू मिश्रा बनीं मिसेज इंटरनेशनल अमेरिका एलीट




नई दिल्ली (एसएनबी)। भारतीय मूल की मंजू मिश्रा अमेरिका में 2023 की मिसेज इंटरनेशनल अमेरिका एलीट चुनी गई हैं। अमेरिका के सियाटेल शहर में हुई इस प्रतियोगिता में उन्हें मिसेज इंटरनेशनल अमेरिका एलीट का ताज भारत की ही पूर्व विश्व सुंदरी डायना हेडेन ने पहनाया। मंजू मिश्रा का परिवार उत्तर प्रदेश के अयोध्या जनपद स्थित ग्राम तालढोली का मूल निवासी है। महाराष्ट्र के देवलाली स्थित केंद्रीय विद्यालय से प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने वाली मंजू ने स्नातक एवं स्नाकतोत्तर की डिग्री नेस वाडिया कालेज पुणे से एवं उसके उपरांत पीजीडीएचआरएम की डिग्री पुणे के ही सिम्बायोसिस कालेज से प्राप्त की है। पिछले आठ वर्ष से वह अमेरिका के बॉथल शहर में रहते हुए बहुराष्ट्रीय कंपनी अमेजॉन की टैलेंट एक्वीजीशन टीम (एचआर) का हिस्सा हैं। अमेरिका के माईड्रीम टीवी, यूएसए द्वारा पिछले कई वर्षों से आयोजित हो रही मिसेज इंटरनेशनल प्रतियोगिता में इस वर्ष विभिन्न देशों की 61 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें 16 जजों ने चार राउंड की कड़ी प्रतियोगिता के बाद 2023 की मिसेज इंटरनेशनल अमेरिका एलीट के रूप में मंजू मिश्रा का चयन किया। उन्हें मिसेज इंटरनेशनल अमेरिका एलीट का ताज पूर्व मिस वर्ल्ड डायना हेडेन के हाथों पहनाया गया।

## 'फिरोज खान के सामने न्यूड हुई थी सेलिना जेटली'

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने एक सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वाले यूजर को करारा जवाब दिया है। दरअसल, यूजर ने दावा किया था कि वह पिता (फिरोज खान) और बेटे (फरदीन खान) दोनों के साथ सोई थी। बस चुप रहो। तुम सी-ग्रेड एक्ट्रेस थीं। अपनी फिल्मोग्राफी देखो। तुमने हमेशा सॉफ्ट पोर्न फिल्में कीं। ठीक है, एक अमीर आदमी से शादी की और फिर घर बसा लिया! स्वार्थी औरत।



उसने ट्विटर सेफ्टी को टैग करते हुए एक्शन लेने की मांग की और लिखा कि यह मनोरोगी मुझे परेशान कर रहा है। ट्रोलर ने आगे लिखा, सच काफी ज्यादा कड़वा लग गया! बताओ सब को! आप 2003 में जानशीन ऑडिशन के दौरान अपने ऑफिस में निर्देशक फिरोज खान के सामने न्यूड थीं।



बता दें, सेलिना ने 2003 में दिवंगत अभिनेता-फिल्म निर्माता फिरोज खान की फरदीन खान अभिनीत जानशीन से हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। उमैर संधू नाम के यूजर ने अपनी पोस्ट में लिखा, सेलिना जेटली बॉलीवुड की एकलौती ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो पिता (फिरोज खान) और बेटे (फरदीन खान) के साथ सो चुकी हैं।

यूजर अक्सर बॉलीवुड सेलिब्रेटीज को लेकर विवादित ट्वीट करता रहता है। इस यूजर को मुंहतोड़ जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, डियर मिस्टर संधू, उम्मीद है कि इसे पोस्ट करने के बाद आप मर्द बन गए होंगे और आपके इरेक्टाइल डिसफंक्शन का इलाज हो गया होगा, लेकिन आपकी समस्या को ठीक करने के लिए और भी कई तरीके हैं, जैसे डॉक्टर के पास जाना। आपको ये जरूर ट्राई करना चाहिए।

अपने इस ट्वीट में सेलिना ने ट्विटर सेफ्टी को भी टैग किया है।

सेलिना को जवाब देते हुए ट्रोल करने वाले शख्स ने लिखाः ओह

## मेजर ध्यानचंद की बायोपिक में काम करेंगे विक्की कौशल!

मुंबई (वार्ता)। अभिनेता विक्की कौशल हॉकी के जादूगर के नाम से मशहूर मेजर ध्यानचंद सिंह की बायोपिक में काम करते नजर आ सकते हैं। फिल्म निर्माता रॉनी स्क्रूवाला ने मेजर ध्यानचंद की बायोपिक बनाने जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा,'1500 गोल, 3 ओलंपिक स्वर्ण पदक और भारत के गौरव की कहानी। हमें अभिषेक चौबे के साथ अपनी अगली घोषणा करने में बहुत खुशी हो रही है भारत के हॉकी जादूगर पर एक बायोपिक।

## रामचरण के साथ काम करेंगी जाह्नवी!

मुंबई (वार्ता)। अभिनत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय स्टार रामचरण के साथ काम करती नजर आ सकती है। राम चरण इन दिनों निर्देशक शंकर की आने वाली फिल्म गेम चेंजर में बिजी हैं। इस फिल्म में राम चरण अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ रोमांस करते दिखेंगे। राम चरण की अगली फिल्म आरसी 16 को लेकर भी चर्चा है। राम चरण की फिल्म आरसी 16 को निर्देशक बुची बाबू साना बना रहे हैं। चर्चा है कि इस फिल्म के लिए मेकर्स ने लीड एक्ट्रेस के लिए जाह्नवी कपूर को अप्रोच किया है।



## सास बहु और फ्लेमिंगो से ओटीटी पर डेब्यू करेंगी डिंपल कपाड़िया

मुंबई (वार्ता)। अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया वेबसीरीज सास बहु और फ्लेमिंगो से ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करने जा रही है। डिंपल कपाड़िया, ईशा तलवार, राधिका मदन और अंगीरा धर निर्देशक होमी अदजानिया की वेब सीरीज 'सास बहु और फ्लेमिंगो' में नजर आएंगी। ईशा तलवार ने सोशल मीडिया पर सीरीज का ट्रेलर शेयर किया है। यह सीरीज 5 मई को हॉटस्टार पर रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि इस सीरीज की कहानी एक बहुत ही स्ट्रिक्ट सास और दो भोली सी लगने वाले बहुओं की कहानी है। ईशा तलवार ने लिखा- चेतावनी! ये कमजोर दिल वालों के लिए नहीं हैं।

## सामंथा, वरुण धवन के साथ सिटाडेल इंडिया में शामिल हुए सिकंदर खेर







मुंबई (आईएएनएस)। अमेरिकी टीवी सीरीज सिटाडेल के हिंदी रीमेक में समांथा रुथ प्रभु और वरुण धवन के साथ एक्टर सिकंदर खेर स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। निर्माता धीरे-धीरे हिंदी रीमेक के लिए अन्य कलाकारों को अंतिम रूप दे रहे हैं और सिकंदर खेर को टीम में शामिल किया है। यह शो हिट फिल्म निर्माता जोड़ी राज और डीके द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। प्रोडक्शन टीम के एक करीबी सूत्र का कहना हैं, सिकंदर खेर सिटाडेल के हिंदी वर्जन के कलाकारों में शामिल किए गए हैं। उन्होंने मुंबई में हुए अमेरिकी वर्जन के भारत प्रीमियर में भी भाग लिया। सिटाडेल सीजन के सबसे बड़े शो में से एक होने का अनुमान है। यह पहली बार होगा जब सिकंदर राज और डीके एक साथ काम करेंगे। हिंदी वर्जन में वरुण प्रमुख भूमिका में होंगे। शो में समांथा भी वो भूमिका निभाएंगी, जो मूल रूप से प्रियंका चोपड़ा द्वारा निभाई गई है।

## मस्क ने सभी लीगेसी ब्लू चेक मार्क को हटाने के लिए 20 अप्रैल का एक और टाइम लाइन दिया



नई दिल्ली (आईएएनएस)। बैकएंड तकनीक की कमी के कारण 1 अप्रैल की पहली समय सीमा के बाद, एलन मस्क ने गुरुवार को सभी लीगेसी ब्लू चेक मार्क को हटाने के लिए 20 अप्रैल की एक और समय सीमा दी है।

रिपोर्टों के अनुसार, बड़े पैमाने पर तथाकथित ब्लू टिक को जल्दी से हटाने की तकनीकी चुनौतियां थीं और वर्तमान में इसे करने का एकमात्र तरीका मैन्युअल था। मस्क ने एक ट्वीट में कहा कि 'लीगेसी ब्लू चेक को हटाने की अंतिम तिथि 4/20 है।'

विवरण पहले सामने आया था कि मस्क द्वारा संचालित कंपनी के पास एक बार में ब्लू टिक वाले लगभग 4.2 लाख पुराने खातों को हटाने के लिए बैकएंड तकनीक नहीं है। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, पूर्व कर्मचारियों ने बताया कि वेरिफिकेशन बैज को हटाना एक बड़े पैमाने पर मैन्युअल प्रक्रिया है, जो हटाने की संभावना वाली प्रणाली से संचालित होती है, जो एक बड़े आंतरिक डेटाबेस पर आधारित है (एक्सेल स्प्रेडशीट के समान) जिसमें वेरिफिकेशन डेटा संग्रहीत होता है।

मस्क ने पहले ब्लू वेरिफिकेशन वाले सभी लीगेसी अकाउंट्स को हटाने के लिए 1 अप्रैल की डेडलाइन दी थी। कंपनी ने अब तक केवल न्यूयॉर्क टाइम्स के लिए ब्लू टिक हटा दिया है।

मशहूर हस्तियों को गलत पहचान से बचाने के लिए ट्विटर ने 2009 में अपना वेरिफिकेशन सिस्टम शुरू किया था, लेकिन अब मस्क चाहते हैं कि हर कोई ब्लू बैज के लिए हर महीने 8 डॉलर का भुगतान करे। व्हाइट हाउस और द न्यूयॉर्क टाइम्स ने सदस्यता सेवा के साथ वेरिफाइड ब्लू के लिए भुगतान करने से इनकार कर दिया है। अब तक के सबसे अधिक वेतन पाने वाले एनबीए खिलाड़ी और प्रति वर्ष 40 मिलियन डॉलर से अधिक की कमाई करने वाले लेब्रोन जेम्स ने भी ट्विटर को भुगतान करने से इनकार कर दिया है।

## आलिया इस साल मेट गाला में करेंगी डेब्यू

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट हार्ट ऑफ स्टोन के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शुरुआत करने जा रही हैं। वह साल के सबसे बड़े फैशन इवेंट्स में से एक मेट गाला में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। मेट गाला की स्थापना



1948 में हुई थी। इस साल इसकी थीम कार्ल लेगरफेल्ड : ए लाइन ऑफ ब्यूटी है। यह थीम दिवंगत डिजाइनर की कलात्मक प्रतिभा के सम्मान में तय की गई है। एक्ट्रेस रेड कार्पेट के लिए प्रबल गुरुंग की आउटफिट पहनेंगी। वर्क फ्रंट की बात करें तो आलिया के लिए गैल गैडोट के साथ नेटफ्लिक्स की हार्ट ऑफ स्टोन और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ रोमांचक साल है।

## अलग-अलग फिल्मों के लिए तीन शिफ्टों में किया था काम : सोमी अली

मुंबई (आईएएनएस)। पूर्व एक्ट्रेस सोमी अली ने पुरानी यादों को ताजा किया और बताया कि उन्होंने किस तरह तीन अलग-अलग प्रोजेक्ट्स की शूटिंग के लिए तीन शिफ्टों में काम किया। सोमी ने इंस्टाग्राम पर अपनी 1994 की फिल्म यार गद्दार की कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें सैफ अली खान, मिथुन चक्रवर्ती और प्रेम चोपड़ा हैं। एक्ट्रेस ने लिखाः हम 90 के दशक में एक दिन में तीन शिफ्ट करते थे। कई बार ऐसा होता था कि मैं इतनी थक जाती थी कि मैं भूल जाती थी कि मैं कौन सा किरदार निभा रही हूं। उमेश जी सबसे अच्छे निर्देशकों में से एक थे, जिनके साथ मैंने काम किया है और मुझे इस पूरे ग्रुप की बहुत याद आती है।

## डार्क मैटर का मानचित्रण पुष्टि करता है आइंस्टीन के गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत की



**अनुसंधानकर्ताओं ने पाया अदृश्य डार्क मैटर आसमान के एक चौथाई हिस्से में फैला है और इसका विस्तार पूरे ब्रह्मांड में है**

नई दिल्ली (भाषा)। अनुसंधानकर्ताओं ने अदृश्य डार्क मैटर का विस्तृत मानचित्र तैयार किया है जो आसमान के एक चौथाई हिस्से में फैला है और इसका विस्तार पूरे ब्रह्मांड में है।

अटाकामा कॉस्मोलॉजी टेलीस्कोप (एसीटी) के साथ अंतरराष्ट्रीय अनुसंधानकर्ताओं की टीम ने उक्त मानचित्र तैयार किया है। उनका कहना है कि इससे आइंस्टीन के उस सिद्धांत की पुष्टि हुई है कि कैसे ब्रह्मांड के 14 अरब साल के जीवन काल में संरचनाएं विकसित हुईं। इस अनुसंधान पत्र को अभी प्रकाशित नहीं किया गया है और यह एआरएक्सआईवी डॉट ओआरजी में मुद्रण पूर्व अवस्था में प्रकाशित हुआ है और एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में प्रकाशन के लिए जमा किया गया है।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में ब्रह्मांड विज्ञान के प्रोफेसर और एसीटी अनुसंधानकर्ताओं की टीम का नेतृत्व कर रहे ब्लैक शेरविन ने कहा, अबतक सबसे अधिक दूरी तक के डॉर्क मैटर का हमने मानचित्रण किया है और स्पष्ट रूप से इस अदृश्य दुनिया की विशेषता को देख सकते हैं जो लाखों-करोड़ों प्रकाश वर्ष के दायरे में फैली हैं। उन्होंने बताया, ब्रह्मांड के 85 प्रतिशत हिस्से के निर्माण को प्रभावित करने के बावजूद डार्क मैटर का पता लगाना मुश्किल है क्योंकि ये विद्युत चुंबकीय विकिरण जैसे प्रकाश से प्रभावित नहीं है और केवल गुरुत्वाकर्षण से ही इनका पता लगाया जा सकता है।

अनुसंधानकर्ताओं की टीम ने पता लगाया कि कैसे डार्क मैटर सहित भारी संरचनाओं के गुरुत्वाकर्षण ब्रह्मांडीय माइक्रोवेव पृष्ठभूमि (सीबीएम)विकिरणों को एक नए द्रव्यमान मानचित्र का निर्माण करने के लिए झुका देते हैं। सीएमबी विकिरण ब्रह्मांड के निर्माण, 'बिग बैंग' (माना जाता है कि मौजूदा ब्रह्मांड का निर्माण एक विशाल धमाके से हुआ) के बाद से निकलने वाला विसरित प्रकाश है, जिसे ब्रह्मांड विज्ञानी 'ब्रह्मांड की शिशु तस्वीर' के रूप में रेखांकित करते हैं। उक्त घटना को अनुमानतः 14 अरब साल हो गए हैं जिसमें पृथ्वी का जन्म भी शामिल है। माना जाता है कि उससे पहले ब्रह्मांड केवल 3,80,000 साल पुराना था।

पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय में भौतिक शास्त्र और खगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक मैथ्यू माधवचेरिल ने कहा, हमने बिग बैंग के बाद बिखरे प्रकाश का इस्तेमाल कर विस्तृत मानचित्र तैयार किया है। टीम ने इसके लिए नेशनल साइंस फाउंडेशन द्वारा चीली की एंडीज पर्वत की ऊंचाई पर स्थित अटाकामा कॉस्मोलॉजी टेलीस्कोप से एकत्र आंकड़ों का इस्तेमाल किया है। माधवचेरिल ने कहा, उल्लेखनीय तरीके से यह ब्रह्मांड की दोनों अवस्थाओं, पहली जब वह 'पिंड' के रूप में था और 14 अरब साल पहले हुए बिगबैंग के बाद विस्तार, की दर की गणना को प्रस्तुत करता है जिसकी उम्मीद आप आइंस्टीन के गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत के आधार पर हमारे आदर्श मॉडल से करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### केशब महिंद्रा का निधन



नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा के मानद चेयरमैन केशब महिंद्रा का बुधवार सुबह (12 अप्रैल, 2023) मुंबई में निधन हो गया। महिंद्रा परिवार के एक करीबी व्यक्ति ने बताया कि केशब महिंद्रा (99 वर्ष) ने सुबह घर पर ही अंतिम सांस ली। वह 1947 में कंपनी में शामिल हुए थे और 1963 में इसके चेयरमैन बन गए थे। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बयान में कहा कि भारतीय वाहन उद्योग ने अपने अग्रणी लोगों में से एक को आज खो दिया है। उन्होंने कहा, 'भारतीय वाहन उद्योग की यात्रा के शुरुआती वर्षों में उनके नेतृत्व ने देश को वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में पहचान दिलाई।'

### सुजलान को ठेका मिला

नई दिल्ली। सुजलान समूह को सेम्बकार्प की अनुषंगी ग्रीन इन्फ्रा विंड एनर्जी लिमिटेड के लिए 50.4 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना विकसित करने का ठेका मिला है। सुजलान समूह ने बुधवार को बयान में कहा, 'आर्डर के हिस्से के रूप में सुजलान एक हाइब्रिड लैटिस ट्यूबलर (एचएलटी) टावर के साथ 24 पवन टर्बाइन जनरेटर (डब्ल्यूटीजी) लगाएगी और प्रत्येक की क्षमता दर 2.1 मेगावाट होगी।' इसमें कहा गया है कि कर्नाटक की इस परियोजना के 2024 में चालू होने की उम्मीद है। सुजलान विंड टर्बाइन की आपूर्ति करेगी। इसके अलावा वह परियोजना को स्थापित करेगी और उसे शुरू करेगी।

### कर्नाटक बैंक को मंजूरी

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने निजी क्षेत्र के कर्नाटक बैंक को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की ओर से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर एकत्र करने के लिए अधिकृत किया है। कर्नाटक बैंक ने बुधवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि यह कदम वित्त मंत्रालय के तहत लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की सिफारिश पर किया गया है। इसमें कहा गया है कि बैंक के ग्राहक सीबीआईसी के भारतीय सीमा शुल्क इलेक्ट्रॉनिक गेटवे 'आइसगेट' पोर्टल पर कर्नाटक बैंक का चयन कर अपने सीमा शुल्क का पहले ही ऑनलाइन भुगतान कर रहे हैं।

### ₹27 लाभांश देगी नेस्ले

नई दिल्ली। मैगी, कॉफी जैसे दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली नेस्ले इंडिया लि. ने वर्ष 2023 के लिए 27 रुपए प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश की बुधवार को घोषणा की। नेस्ले इंडिया ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा, 'कंपनी के निदेशक मंडल ने बुधवार को हुई अपनी बैठक में वर्ष 2023 के लिए 10 रुपए के शेयर पर 27 रुपए का अंतरिम लाभांश देने की मंजूरी दी।" नेस्ले इंडिया जनवरी-दिसंबर के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। कंपनी ने कहा कि 64वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में सदस्यों की मंजूरी मिलने पर आठ मई, 2023 को वर्ष 2022 के अंतिम लाभांश के साथ 2023 के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया जाएगा।

### बीओआई कोष जुटाएगा




नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) की योजना वित्त वर्ष 2023-24 में शेयर बिक्री और अन्य माध्यमों से 6,500 करोड़ रुपए जुटाने की है। बीओआई ने शेयर बाजार को बताया कि 18 अप्रैल को उसके निदेशक मंडल की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पेश किया जाएगा। बैंक अपने कारोबार के विस्तार के लिए यह राशि जुटाना चाहता है। बीओआई ने बताया कि निदेशक मंडल पात्र संस्थागत नियोजन या राइट्स इश्यू या तरजीही निर्गम और/या बासेल-3 अनुपालन वाले अतिरिक्त टियर-1 (एटी-1) बॉन्ड (घरेलू और विदेशी मुद्रा) के रूप में 4,500 करोड़ रुपए की राशि जुटाना चाहता है।(एजेंसी)

# 'ऊर्जा गंगा' से लोगों को मिल रही सस्ती सीएनजी और पीएनजी

■ पाइपलाइन से आसानी से मिल रहा गैस कीमतों में कमी का लाभ ■ फिलहाल उत्तर भारत के काफी लोगों को मिल रहा इसका लाभ

■ पूर्वी राज्यों में भी आपूर्ति को तैयार है पाइपलाइन ■ गैस परिवहन का सस्ता जरिया होती है पाइपलाइन ■ देश के अन्य हिस्सों में भी बिछेगी गैस पाइपलाइन

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार की महत्वाकांक्षी 'ऊर्जा गंगा' पाइपलाइन परियोजना से देश के आंतरिक या भीतरी इलाकों तक सस्ती प्राकृतिक गैस की कीमतों का लाभ पहुंचाने में मदद मिली है। इससे देश में स्वच्छ ईंधन की स्वीकार्यता भी बढ़ी है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

परंपरागत रूप से प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल बिजली और उर्वरक उत्पादन में किया जाता है। इसे वाहन ईंधन सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली गैस पीएनजी में भी बदला जाता है।

अभी तक यह गैस सिर्फ पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्रों में उपलब्ध थी। इसकी वजह यह है कि गैस को स्रोत से उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाने वाली पाइपलाइन सिर्फ इन क्षेत्रों तक सीमित थी। अक्टूबर, 2016 में उत्तर प्रदेश के जगदीशपुर से पश्चिम बंगाल के हल्दिया, झारखंड के बोकारो और ओडिशा के धामरा तक 2,655 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू हुआ था। बाद में इस लाइन को बिहार में बरौनी से असम में गुवाहाटी तक बढ़ाया गया था। यह लंबाई करीब 726 किलोमीटर है। इसका मकसद पूर्व के अछूते राज्यों तक गैस पहुंचाना था। जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) को प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा पाइपलाइन कहा जाता है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह पाइपलाइन अब पूर्वी राज्यों बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को गैस की आपूर्ति करने के लिए तैयार है।

इससे सरकार के प्राकृतिक गैस के दाम घटाने के फैसले के बाद इन क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को सस्ती सीएनजी और पीएनजी की आपूर्ति करने में मदद मिली। कीमतों में लगभग 5-7 रुपए की कमी का लाभ अब 20 कस्बों और शहरों के उपभोक्ताओं को मिल रहा है। गैस पाइपलाइन गैस के परिवहन का सबसे सस्ता साधन है।

**क्या है ऊर्जा गंगा**

जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन को प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा पाइपलाइन कहा जाता है। यह पाइपलाइन अब पूर्वी राज्यों बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को गैस की आपूर्ति करने के लिए तैयार है।



## काम पर लौटे अलायंस एयर के पायलट

मुंबई (भाषा)।

अलायंस एयर के पायलटों की हड़ताल समाप्त हो गई है और वे काम पर लौट आए हैं। अलायंस एयर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एयरलाइन के पायलटों का एक वर्ग दो दिन से हड़ताल पर था।

सोमवार व मंगलवार को अलायंस एयर के करीब 70-80 पायलट हड़ताल पर चले गए थे। ये पायलट कोविड-पूर्व के वेतन को बहाल नहीं करने और भत्तों का भुगतान नहीं होने के विरोध में हड़ताल पर गए थे। अलायंस एयर के सीईओ विनीत सूद ने कहा कि पायलट काम पर लौट आए हैं। उन्होंने कहा कि पायलटों के साथ उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर बातचीत चल रही है।

# भारतीय कंपनियों से माल लेना चाहते हैं अमेरिका व यूरोप के खिलौना विक्रेता

पेरिस (भाषा)।

अमेरिका और यूरोप के शीर्ष वैश्विक खुदरा विक्रेताओं ने भारतीय खिलौना विनिर्माताओं से माल खरीदने के लिए संपर्क किया है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि इन कंपनियों ने अनुपालन संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय विनिर्माताओं की मदद करने का भरोसा भी दिया है। अधिकारी ने कहा कि ये खुदरा दिग्गज भारत से बड़े पैमाने पर खिलौने खरीदना चाह रहे है।

गौरतलब है कि उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) खिलौनों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रहा है। डीपीआईआईटी अनुपालन प्रावधानों को पूरा करने के लिए भारतीय विनिर्माताओं की मदद भी कर रहा है। इस बारे में पूछने पर प्लेग्रो टॉयज इंडिया के प्रवर्तक और टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनु गुप्ता ने कहा कि अमेरिका के एक रिटेलर ने राइड-ऑन तथा आउटडोर खिलौने और मैकेनिकल तथा इलेक्ट्रिकल खिलौनों सहित तीन मुख्य श्रेणियों में खिलौने खरीदने के लिए उद्योग से संपर्क किया है। उन्होंने कहा कि डीपीआईआईटी के अधिकारी उद्योग जगत को इन वैश्विक कंपनियों से जुड़ने और आर्डर हासिल करने में मदद कर रहे हैं। ये कंपनियां उनसे सामान खरीदती हैं, जो उनके उत्पाद और सामाजिक अनुपालन को पूरा करती है।

अब तक 82 भारतीय कंपनियों ने इस कवायद का हिस्सा बनने के लिए दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने कहा, 'इटली की एक फर्म ने भी भारत से सोर्सिंग के लिए हमसे संपर्क किया है।' गुप्ता ने कहा कि यह क्षेत्र वैश्विक बाजारों में मांग में कमी और भारतीय ब्रांड को बढ़ावा देने से संबंधित कुछ मुद्दों का सामना कर रहा है। देश का खिलौना निर्यात अप्रैल-दिसम्बर 2022-23 के दौरान 1,017 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

■ कई खुदरा विक्रेताओं ने इसके लिए भारतीय कंपनियों से किया है संपर्क
■ इटली की एक कंपनी ने भी भारतीय खिलौनों में दिखाई है अपनी दिलचस्पी

## प्रतिस्पर्धा कानून संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी

नई दिल्ली (भाषा)।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रतिस्पर्धा कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। सरकार ने नियामकीय निश्चितता सुनिश्चित करने और भरोसेमंद कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के लिए कानून में बदलाव किए है।

प्रतिस्पर्धा कानून में संशोधन के विधेयक को लोकसभा में पेश किए जाने के लगभग आठ महीने बाद तीन अप्रैल को संसद ने इसे मंजूरी दी थी। विधेयक को वित्त पर संसद की स्थायी समिति को भी भेजा गया था, जिसने पिछले साल 13 दिसम्बर को अपनी रिपोर्ट संसद में पेश की थी। राज्यसभा ने तीन अप्रैल को विधेयक को मंजूरी दी। दोनों सदनों ने बिना किसी चर्चा के कानून पारित कर दिया।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने बुधवार को ट्वीट किया, 'भारत की माननीय राष्ट्रपति ने प्रतिस्पर्धा (संशोधन) अधिनियम, 2023 को मंजूरी दे दी है।' सीसीआई की कार्यवाहक चेयरपर्सन संगीता वर्मा ने कहा कि नया कानून नियामकीय निश्चितता सुनिश्चित करता है और भरोसे पर आधारित कारोबारी माहौल को बढ़ावा देता है। इससे कंपनियों को अच्छी प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# 15 माह के निचले स्तर पर आई खुदरा महंगाई

■ मुद्रास्फीति की दर घटकर 5.66% हुई ■ औद्योगिक उत्पादन में हुई बढ़ोतरी

■ रिजर्व बैंक की कोशिशें हुई सफल, महंगाई दर 5% के नजदीक

■ एक साल पहले मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति की दर 6.95 फीसद थी

■ अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है मौजूदा आंकड़े

नई दिल्ली (भाषा)।

खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 15 महीने के निचले स्तर 5.66 प्रतिशत पर आ गई। मुख्य रूप से खाने का सामान सस्ता होने से महंगाई दर घटी है। उधर औद्योगिक उत्पादन के फरवरी के आंकड़ों के अनुसार उत्पादन में करीब 5.6 फीसद तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

मार्च में मुद्रास्फीति का आंकड़ा आरबीआई के संतोषजनक स्तर की ऊपरी सीमा छह प्रतिशत के भीतर है। आरबीआई को मुद्रास्फीति दो से छह प्रतिशत के बीच रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी 2023 में 6.44 प्रतिशत और एक साल पहले मार्च में 6.95 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार खाद्य उत्पादों की मुद्रास्फीति मार्च में 4.79 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा फरवरी में 5.95 प्रतिशत और एक साल पहले इसी अवधि में 7.68 प्रतिशत था। अनाज, दूध और फलों की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते खुदरा मुद्रास्फीति दिसम्बर 2022 में 5.7 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी 2023 में 6.4 प्रतिशत हो गई थी।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2023-24 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के 5.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया है।

उधर देश का औद्योगिक उत्पादन इस साल फरवरी महीने में 5.6 प्रतिशत बढ़ा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा जाने पर औद्योगिक उत्पादन फरवरी 2022 में 1.2 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन इस साल फरवरी में 5.3 प्रतिशत रहा। आलोच्य महीने में खनन उत्पादन 4.6 प्रतिशत और बिजली उत्पादन में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।




# बीमा कंपनी को करना होगा 7.29 करोड़ का भुगतान

ठाणे (भाषा)।

ठाणे के अतिरिक्त जिला उपभोक्ता निवारण आयोग ने एक रसायन कारखाने में आग लगने पर बीमा कंपनी को उसे मुआवजे के रूप में 7.29 करोड़ रुपए देने का निर्देश दिया है।

कारखाने के नवी मुंबई स्थित संयंत्र में 2015 में आग लग गई थी। आयोग के अध्यक्ष रविंद्र पी. नागरे ने 21 मार्च को दिए अपने आदेश में प्रतिवादी फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को लापरवाही, सेवा में कमी और व्यापार में अनुचित व्यवहार का दोषी ठहराया। आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई। उपभोक्ता फोरम ने बीमा कंपनी को दावाकर्ता सांगदीप एसिड केम प्राइवेट लिमिटेड को 29 अक्टूबर, 2017 से राशि मिलने तक नौ प्रतिशत सालाना के ब्याज के साथ भुगतान करने का निर्देश दिया है। फोरम ने बीमा कंपनी को मानसिक प्रताड़ना के हर्जाने के तौर पर 25 लाख रुपए और एक लाख रुपये कानूनी खर्च के लिए भुगतान करने का निर्देश दिया।

अदालत ने कहा कि 45 दिन के अंदर भुगतान नहीं करने पर ब्याज दर 12 प्रतिशत वार्षिक हो जाएगी।




# बीस कंपनियों के आवेदनों पर विचार कर रहा इरडा

■ वर्ष 2017 के बाद पहली बार किसी साधारण बीमा कंपनी को बीमा नियामक ने दिया है लाइसेंस

मुंबई (भाषा)। बीमा नियामक इरडा के चेयरमैन देबाशीष पांडा ने बुधवार को कहा कि 2017 के बाद से पहली बार किसी साधारण बीमा कंपनी को लाइसेंस दिया गया है तथा करीब 20 और आवेदनों पर विचार किया जा रहा है।

पांडा ने कहा कि हाल में साधारण बीमा लाइसेंस क्षेमा जनरल इंश्योरेंस को मिला है। इससे पहले जीवन बीमा क्षेत्र में वर्ष की शुरुआत में क्रेडिट एक्सेस लाइफ और एको लाइफ को लाइसेंस दिए गए थे। नियामक लगभग 20 और आवेदनों पर विचार कर रहा है। उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम के दौरान अलग से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछली बार जीवन बीमा क्षेत्र में 2011 में लाइसेंस दिये गये थे। वर्तमान में देश में 23 जीवन बीमा कंपनियां और 33 साधारण बीमा कंपनियां काम कर रही है।

बीमा उद्योग में फरवरी में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां 59 लाख करोड़ रुपए और प्रीमियम मूल्य 10 लाख करोड़ रुपए रहा, जो सालाना आधार पर 16 प्रतिशत अधिक है।

पांडा ने उद्योग से '2047 तक सभी के लिये बीमा' को एक नारे के रूप में नहीं बल्कि एक अभियान के रूप में लेने और उसपर कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने भरोसा व्यक्त किया कि निर्धारित लक्ष्य को समय से पहले पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये उद्योग को अलग हटकर कदम उठाने होगा और ज्यादा-से-ज्यादा प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा ताकि वे अधिक से अधिक उत्पाद विकसित कर सकें, जो वैसे लोगों के लिये सस्ते में सुलभ हों, जो अब तक इसके दायरे में नही आए है।

इरडा (बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण) के चेयरमैन ने यह भी कहा कि उद्योग को अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने वाले छोटे उद्यम जैसे बीमा से वंचित वर्ग को भी इसके दायरे में लाने पर गौर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी तौर पर काम कर रहे कर्मचारियों के लिये भी उत्पाद विकसित करने चाहिए।




# चीनी का न्यूनतम बिक्री मूल्य बढ़ाने की मांग

नई दिल्ली (भाषा)।

अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ ने बुधवार को सरकार से चीनी का न्यूनतम बिक्री मूल्य बढ़ाने की मांग की। उसने कहा कि देश में चीनी उत्पादन लागत से कम भाव पर बेची जा रही है, ऐसे में बिक्री मूल्य बढ़ाए जाने की जरूरत है।

वर्ष 2019 से चीनी का न्यूनतम बिक्री मूल्य 3,100 रुपए प्रति क्विंटल पर अपरिवर्तित रखा गया है, भले ही गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) हर साल बढ़ाया गया हो। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने इस संबंध में खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा को ज्ञापन दिया है। एआईएसटीए के अध्यक्ष प्रफुल्ल विठलानी ने कहा, 'मौजूदा 2022-23 के सत्र के नवम्बर-मार्च की अवधि के दौरान महाराष्ट्र और कर्नाटक में चीनी 3,100 से 3,200 रुपए प्रति क्विंटल के निचले स्तर पर बेची गई, जो उत्पादन लागत की तुलना में 10 प्रतिशत कम है।'

उन्होंने कहा कि न्यूनतम बिक्री मूल्य उत्पादन लागत से अधिक होना चाहिए, जो 3,400-3,600 रुपये प्रति क्विंटल है। ज्ञापन में, एआईएसटीए ने कहा कि सरकार ने पिछले चार चीनी सत्रों (अक्टूबर-सितम्बर) में गन्ने के एफआरपी में वृद्धि की, लेकिन न्यूनतम बिक्री मूल्य में समान वृद्धि नहीं हुई है। इसने कहा, 'इसलिए, सरकार चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य को बढ़ाने पर विचार कर सकती है, जो किसानों को देश में गन्ना रोपण बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा।' इसके अलावा, व्यापार मंडल ने सरकार से चीनी को आरओडीटीईपी (निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट) योजना का लाभ देने की मांग की है। भारत दुनिया में ब्राजील के बाद दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है। सरकार ने चालू सत्र 2022-23 में 60 लाख टन निर्यात की अनुमति दी है।




# EV

## खरीदारों को प्रोत्साहन और टैक्स में छूट से पूरे होंगे लक्ष्य

सरकार के प्रोत्साहन, स्थानीय स्तर पर बैटरी विनिर्माण, राज्यों के स्तर पर सब्सिडी और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से देश में बिजली चालित (इलेक्ट्रिक) वाहनों की पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। मूडीज इन्वेस्टर सर्विसेज ने एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

### देश में सिर्फ एफ फीसद ईवी

भारत वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे बड़ा कार बाजार है, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की पैठ अभी सिर्फ एक प्रतिशत है। अगर इसके लिए प्रोत्साहन व कर छूट जैसे उपाय न किए गए तो ईवी को बढ़ावा देने का सपना पूरा नहीं हो सकेगा।

### चीन और अमेरिका के बाद तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार है भारत

भारत 2022 में जापान को पीछे छोड़कर चीन और अमेरिका के बाद तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बन गया है। भारत में अब भी काफी संभावनाएं हैं। ईवी के क्षेत्र में तो बहुत ज्यादा संभावनाएं हैं।

### मूडीज ने राज्यों की तरफ से सब्सिडी दिये जाने की भी दी सलाह

मूडीज ने कहा, 'हमारा मानना है कि सरकार की विभिन्न पहलों से देश में ईवी की पहुंच बढ़ेगी। इनमें उपभोक्ताओं को दिया जाने वाला प्रोत्साहन, एडवांस बैटरी स्टोरेज के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन, जीएसटी में कटौती और राज्यों द्वारा ईवी पर दी जाने वाली सब्सिडी जैसे कारक भी ईवी की पहुंच देशभर में बढ़ाने में मदद करेंगे।





### पहले स्थान पर आ सकता है भारत

यदि भारत हाल में जम्मू-कश्मीर में मिले लिथियम भंडार का सही उपयोग कर सकता है तो वह इलेक्ट्रिक वाहन खंड में दुनिया में पहले स्थान पर पहुंच सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों को चलाने वाली बैटरी बनाने में लिथियम एक महत्वपूर्ण तत्व है और भारत को इसका इस्तेमाल करना होगा।

### सरकार का क्या है लक्ष्य

सरकार का 2030 तक निजी कारों के लिए 30 प्रतिशत, वाणिज्यिक वाहनों के लिए 70 प्रतिशत और दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए 80 प्रतिशत ईवी बिक्री का लक्ष्य है।

### ईवी बाजार में आगे है टाटा मोटर्स

मूडीज ने कहा कि टाटा मोटर्स 85 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अप्रैल-दिसम्बर, 2022 में बैटरी ईवी बाजार में सबसे आगे है। मूडीज ने कहा कि 165 शहरों में 250 डीलरों के माध्यम से उपस्थिति और करीब 4,300 चार्जिंग पॉइंट के साथ कंपनी पहले ही 50,000 ईवी बेच चुकी है। कई अन्य कंपनियां भी इस दिशा में अच्छा काम कर रही हैं।



**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | टाई/अनि. | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 4 | 3 | 1 | 0/0 | 6 | 1.588 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 4 | 3 | 1 | 0/0 | 6 | 1.048 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 3 | 2 | 1 | 00 | 4 | 1.375 |
| गुजरात टाइटंस | 3 | 2 | 1 | 0/0 | 4 | 0.431 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 4 | 2 | 2 | 0/0 | 4 | 0.225 |
| पंजाब किंग्स | 3 | 2 | 1 | 0/0 | 4 | -0.281 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर | 3 | 1 | 2 | 0/0 | 2 | -0.800 |
| मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0/0 | 2 | -0.879 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0/0 | 2 | -1.502 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 0 | 4 | 0/0 | 0 | -1.576 |

## कुछ खिलाड़ी एनसीए के स्थायी निवासी बन गए हैं : शास्त्री

**प्रबंधन पर कटाक्ष**

■ कहा, लगातार चार मैच नहीं खेल सकते

नई दिल्ली (भाषा)। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने देश के कुछ प्रमुख गेंदबाजों की चोट के प्रबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे 'रिहैबिलिटेशन' कराते हुए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के स्थायी निवासी बन गए हैं। शास्त्री ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज दीपक चाहर की ओर था जो पिछले आठ महीने में कम से कम तीन बार चोटिल हो चुके हैं जबकि नितिन पटेल की अगुआई वाली एनसीए की खेल विज्ञान और मेडिकल टीम ने उन्हें फिट करार दिया था।

शास्त्री ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, 'ऐसे भी कह सकते हैं कि पिछले तीन या चार साल में एनसीए को स्थायी ठिकाना बनाने वाले कई हैं। उन्हें जल्दी ही निवास की अनुमति मिल जाएगी यानी वे कभी भी वहां जा सकते हैं जो अच्छी बात नहीं है।' बीसीसीआई द्वारा संचालित बेंगलुरू स्थित एनसीए के पास खेल विज्ञान और मेडिकल की एक विशेषज्ञ टीम है जो केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की चोटों के इलाज में मदद करती है। चाहर को बायीं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा कमर के फ्रेक्चर के कारण सर्जरी करा चुके हैं।

अक्टूबर 2021 तक भारतीय टीम के कोच रहे शास्त्री ने हैरानी जताई कि इनमें से कुछ खिलाड़ी तो सारे प्रारूप भी नहीं खेलते हैं लेकिन लगातार चार टी-20 मैचों में चार-चार ओवर भी नहीं डाल सकते। उन्होंने कहा, 'ये लगातार चार मैच नहीं खेल सकते। फिर एनसीए क्यों जाते हैं। तीन मैच बाद फिर एनसीए लौट आते हैं।'

शास्त्री का मानना है कि रोहित शर्मा का फॉर्म में लौटना पांच बार की चैंपयन मुंबई इंडियंस के लिए अच्छा संकेत है। मुंबई ने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर तीन मैचों में पहली जीत दर्ज की। शास्त्री ने कहा, 'रोहित शर्मा ने दिल्ली के खिलाफ दबाव का बखूबी सामना किया। उन्होंने मोर्चे से अगुआई की। उनका फॉर्म में लौटना उनके और टीम के लिए अच्छा है।'

## सूर्यकुमार टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

दुबई (भाषा)। सूर्यकुमार यादव भले ही मौजूदा आईपीएल में खराब दौर से गुजर रहे हों लेकिन वह बुधवार को जारी आईसीसी की पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर कायम हैं। सूर्यकुमार 906 अंक लेकर सूची में पहले स्थान पर काबिज हैं जिससे वह पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (811 अंक) और कप्तान बाबर आजम (755 अंक) की जोड़ी, द. अफ्रीका के ऐडन मार्कराम (748 अंक) और न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे (745 अंक) से आगे चल रहे हैं। विराट अपने 15वें स्थान पर बरकरार हैं।

**संक्षिप्त खबरें**

### चेन्नईयिन ने नॉर्थईस्ट युनाइटेड को 4-2 से हराया

मंजेरी। रहीम के दो गोल की मदद से चेन्नईयिन एफसी ने सुपर कप फुटबॉल प्रतियोगिता के के ग्रुप डी मैच में नार्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 4-2 से करारी शिकस्त दी। चेन्नईयिन एफसी ने 17वें मिनट में ही पहला गोल किया। रहीम ने दाहिने छोर से मिले क्रॉस पर यह गोल दागा। आकाश सांगवान ने 34वें मिनट में दूसरा गोल करके चेन्नई की बढत को दोगुना किया। जब लग रहा था कि मैच पूरी तरह से चेन्नईयिन एफसी के नियंत्रण में है तब रोचरजेला ने 42वें मिनट में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड की तरफ से पहला गोल किया। चेन्नई की टीम ने दूसरे हाफ में भी अपना दबदबा बनाए रखा। उसने दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में डुकर के गोल से 3-0 की बढ़त बनाई जबकि रहीम ने 82वें मिनट में अपना दूसरा और टीम की तरफ से चौथा गोल किया। इमिल बेनी ने अंतिम क्षणों में नार्थ ईस्ट के लिए गोल करके हार का अंतर कुछ कम किया।

### रूड मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस के तीसरे दौर में

मोनाको। चौथे वरीय कास्पर रूड ने क्ले कोर्ट पर अपनी जीत के क्रम को नौ मैच तक पहुंचाते हुए बुधवार को यहां मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। फ्रेंच ओपन 2022 के उप विजेता रूड ने कड़े मुकाबले में बोटिक वेन डि जेंडशुल्प को सीधे सेट में 7-5, 7-6 से हराया। दूसरे सेट में एक सेट प्वाइंट बचाने वाले रूड अगले दौर में यान लेनार्ड स्ट्रूफ से भिड़ेंगे जिन्होंने 14वें वरीय एलेक्स डि मिनोर को 6-3, 6-2 से हराया। सातवें वरीय यानिक सिनर, 13वें वरीय एलेक्सांद्र ज्वेरेव और 16वें वरीय लोरेंजो मुसेटी भी तीसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे।

### आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड का 30 मैचों से चला आ रहा अजेय अभियान रोका

लंदन। आस्ट्रेलिया ने महिला विश्वकप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू होने से 100 दिन पहले एक मैत्री मैच में इंग्लैंड को 2-0 से हराकर उसके पिछले 30 मैचों से चले आ रहे अजेय अभियान पर रोक लगा दी। सैम केर ने पहले हाफ में रक्षा पंक्ति की गलती का फायदा उठाकर गोल दागा जबकि शार्लेट ग्रांट ने 67वें मिनट में बढत को दोगुना किया। सरीना विगमैन के कोच बनने के बाद यह इंग्लैंड की पहली हार है। इंग्लैंड ने इससे पहले पिछले 30 मैचों में से 26 में जीत दर्ज की थी जबकि बाकी चार मैच ड्रा रहे थे। इस बीच उसने पिछले साल यूरोपीय चैंपियनशिप का खिताब भी जीता था।

# चेन्नई को हराकर रॉयल्स शीर्ष पर

चेन्नई (भाषा)। सलामी बल्लेबाज जोस बटलर के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स बुधवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में तीन रन से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गया। रॉयल्स के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स की टीम सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (50) के अर्धशतक के बाद कप्तान महेंद्र सिंह धोनी (17 गेंद में नाबाद 32, एक चौका, तीन छक्के) और रविंद्र जडेजा (15 गेंद में नाबाद 25, एक चौका, दो छक्के) के बीच सातवें विकेट की पांच ओवर में 59 रन की अटूट साझेदारी के बावजूद छह विकेट पर 172 रन ही बना की।

रॉयल्स की ओर से रविचंद्रन अश्विन (25 रन पर दो विकेट) और युजवेंद्र चहल (27 रन पर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। रॉयल्स के चार मैच में तीन जीत से लखनऊ सुपर जाइंट्स के समान छह अंक हो गए हैं लेकिन टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। रॉयल्स ने इससे पहले बटलर (36 गेंद में 52 रन, एक चौका, तीन छक्के) के अर्धशतक के अलावा देवदत्त पडिक्कल (38) के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 77 और रविचंद्रन अश्विन (30) के साथ चौथे विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 175 रन बनाए। हेटमायर (18 गेंद में नाबाद 30 रन, दो छक्के, दो चौके) ने अंतिम ओवरों में तेजतर्रार पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपरकिंग्स की शुरुआत खराब रही। टीम ने तीसरे ओवर में ही रुतुराज गायकवाड़ (08) का विकेट गंवा दिया जो संदीप सिंह की गेंद को हवा में लहराकर यशस्वी जायसवाल को कैच दे बैठे। कॉन्वे और अजिक्या रहाणे (31) ने जेसन होल्डर पर चौके मारे। कॉनवे ने जंपा का स्वागत दो चौकों के साथ किया जबकि रहाणे ने रविचंद्रन अश्विन पर पारी का पहला छक्का मारा जिससे टीम ने टीम पावर प्ले में एक विकेट पर 45 रन बनाए।

कॉन्वे और रहाणे ने बीच के ओवरों में स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी लेकिन खराब गेंदों को सबक सिखाने में कोताही भी नहीं बरती। अश्विन ने इसके बाद गेंदबाजी में वापसी करते हुए रहाणे को पगबाधा करके कॉन्वे के साथ उनकी 68 रन की साझेदारी का अंत किया। रहाणे ने 19 गेंद में दो चौके और एक छक्का मारा। सुपरकिंग्स ने 10 ओवर में दो विकेट पर 80 रन बनाए।

अश्विन ने शिवम दुबे (08) को पगबाधा करके सुपरकिंग्स को तीसरा झटका दिया। सुपरकिंग्स के रनों का शतक 14वें ओवर में पूरा हुआ लेकिन मोईन अली (07) इसी ओवर में रन गति बढाने की कोशिश में जंपा की गेंद पर संदीप को कैच दे बैठे। अंबाति रायुडू भी सिर्फ एक रन बनाने के बाद युजवेंद्र चहल की गेंद पर हेटमायर के हाथों लपके गए जिससे सुपरकिंग्स का स्कोर पांच विकेट पर 103 रन हो गया।

कॉन्वे ने चहल पर चौका और फिर तीन रन के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसी ओवर में गेंद को हवा में लहराकर जायवाल के हाथों लपके गए। उन्होंने 38 गेंद का सामना करते हुए छह चौके मारे। सुपरकिंग्स को अंतिम पांच ओवर में 63 रन की दरकार थी। अश्विन के 16वें ओवर में सिर्फ चार रन बने जबकि चहल ने अगले ओवर में सिर्फ पांच रन दिए।

**स्कोर बोर्ड**

| राजस्थान रॉयल्स - | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का. दुबे बो. देशपांडे | 10 |
| जोस बटलर बो. मोईन अली | 52 |
| देवदत्त पडिक्कल कॉन्वे बो. जडेजा | 38 |
| संजू सैमसन बो. जडेजा | 00 |
| रविचंद्रन अश्विन का. मगाला बो. आकाश | 30 |
| शिमरोन हेटमायर (नाबाद) | 30 |
| ध्रुव जुरेल का. दुबे बो. आकाश | 04 |
| जेसन होल्डर का. कॉन्वे बो. देशपांडे | 00 |
| एडम जंपा रन आउट | 01 |
| **अतिरिक्त -** | **10** |
| **कुल -** (20 ओवर में आठ विकेट पर) | **175** |

**विकेटपतन** - 1/11, 2/88, 3/88, 4/135, 5/142, 6/167, 7/174, 8/175

**गेंदबाजी** - आकाश 4-0-40-2, देशपांडे 4-0-37-2, तीक्षणा 4-0-42-0, जडेजा 4-0-21-2, मोईन 2-0-21-1, मगाला 2-0-14-0

| चेन्नई सुपरकिंग्स - | |
|---|---|
| रुतुराज गायकवाड़ का. जायसवाल बो. संदीप | 08 |
| डेवोन कॉन्वे का. जायसवाल बो. चहल | 50 |
| अजिंक्या रहाणे पगबाधा बो. अश्विन | 31 |
| शिवम दुबे पगबाधा बो. अश्विन | 08 |
| मोईन अली का. संदीप बो. जंपा | 07 |
| अंबाति रायुडू का. हेटमायर बो. चहल | 01 |
| रविंद्र जडेजा (नाबाद) | 25 |
| महेंद्र सिंह धोनी (नाबाद) | 32 |
| **अतिरिक्त -** | **10** |
| **कुल -** (20 ओवर में छह विकेट पर) | **172** |

**विकेटपतन** - 1/10, 2/78, 3/92, 4/102, 5/103, 6/113

**गेंदबाजी** - संदीप सिंह 3-0-30-1, कुलदीप सेन 2-0-8-0, जेसन होल्डर 3-0-37-0, एडम जंपा 4-0-43-1, रविचंद्रन अश्विन 4-0-25-2, युजवेंद्र चहल 4-0-27-2



चेन्नई : सुपरकिंग्स के बल्लेबाज अजिंक्या रहाणे को आउट करने पर रविचंद्रन अश्विन को बधाई देते राजस्थान के साथी खिलाड़ी।

## पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरेगा गुजरात टाइटंस

**मैच शाम 7.30 बजे से**

मोहाली (भाषा)। पिछले मैच में आखिरी ओवर में रिंकू सिंह के पांच छक्कों से अप्रत्याशित हार झेलने वाली मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस उस रात को बुरे सपने की तरह भुलाकर पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को आईपीएल के मैच में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछले मैच में गुजरात के लिए कार्यवाहक कप्तान राशिद खान ने हैट्रिक ली, साइ सुदर्शन और विजय शंकर ने उम्दा पारियां खेली लेकिन रिंकू के बल्ले से निकले तूफान में सब बह गया।

रिंकू ने आखिरी ओवर में पांच छक्के लगाकर केकेआर को चमत्कारिक जीत दिलाई। यह हार लंबे समय तक गुजरात को याद रहेगी लेकिन अब उसे अगले मैच पर फोकस करना होगा। तीन मैचों में चार अंक लेकर अंकतालिका में चौथे स्थान पर काबिज गुजरात को आत्मविश्वास से भरी पंजाब के खिलाफ शानदार खेल दिखाना होगा। मौजूदा फॉर्म को देखें तो सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आठ विकेट से मिली हार के अलावा पंजाब ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया है जिसका श्रेय कप्तान धवन और तेज गेंदबाज अर्शदीप की फॉर्म को जाता है। दूसरे छोर से विकेटों के पतन के बावजूद धवन ने सनराइजर्स के खिलाफ 99 रन बनाए हालांकि टीम को हार से नहीं बचा सके।

गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या को बखूबी पता है कि धवन क्या कर सकते हैं। यह मुकाबला धवन और शुभमन गिल के बीच भी होगा चूंकि धवन का लक्ष्य अभी भी अपनी उपयोगिता साबित करके विश्व कप टीम में जगह बनाने का होगा। धवन और उनके युवा सलामी जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह ने पावरप्ले के ओवरों में पंजाब को शानदार शुरुआत दी है और मोहम्मद शमी, हार्दिक तथा राशिद के खिलाफ भी उनकी यही रणनीति होगी।

पंजाब के पास आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी सैम कुरेन हैं जिनका साथ देने के लिए लियाम लिविंगस्टोन और जितेश शर्मा होंगे। गेंदबाजी में अर्शदीप के साथ नाथन एलिस रहेंगे। गुजरात के पास गिल, सुदर्शन और शंकर जैसे मैच विनर हैं। शंकर ने पिछले मैच में 24 गेंद में 63 रन बनाए थे। गेंदबाजी में शमी, जोश लिटिल, अलजारी जोसेफ और राशिद हैं।

## भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया

**बिली जीन किंग कप**

ताशकंद (भाषा)। भारत ने बुधवार को यहां बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) के दूसरे दिन एशिया/ओसनिया ग्रुप एक स्पर्धा में मेजबान उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। रुतुजा भोसले ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शुरुआती एकल में सबरीना ओलिमजानोवा को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया।

दूसरे एकल मैच में अनुभवी अंकिता रैना को सेविल युल्दाशेवा की चुनौती 6-4, 6-2 से समाप्त करने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। मुकाबले में पहले ही जीत मिल चुकी थी लेकिन श्रीवल्ली भामिदिपति और वैदेही चौधरी की युगल जोड़ी ने दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। इस जोड़ी ने माफतुनाबोनू कहरामोनोवा और ओमिनाहोन वालीहानोवा को 6-1, 6-0 से शिकस्त दी। मंगलवार को थाईलैंड को 2-1 से हराने के बाद यह भारत की दूसरी जीत है। भारत पूल ए में 5-1 के स्कोर से दूसरे स्थान पर है।

## गोस्वामी गणेशदत्त क्रिकेट : मौलाना आजाद क्लब की आसान जीत

नई दिल्ली (एसएनबी)। यूजीसीए मौलाना आजाद क्रिकेट क्लब ने 48वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल टूर्नामेंट के लीग मैच में *सेपट्रान आर्यन क्रिकेट क्लब एंड फैथ स्पोर्ट्स को आठ विकेट से हरा दिया। सेपट्रान आर्यन क्रिकेट क्लब एंड फैथ स्पोर्ट्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 30.5 ओवर में 114 रन पर आउट हो गई रचित मनचंदा ने 27 रन, आर्यन राणा ने 26 रन, करण गर्ग ने 22 रन बनाए। टीम के दो खिलाड़ी मैदान पर उतर सके। मौलाना आजाद क्रिकेट क्लब की तरफ से नामित गुप्ता ने चार, अमनदीप जयसवाल ने तीन विकेट लिए। जवाब में मौलाना आजाद क्रिकेट क्लब ने वंश मेहरा 64 रन ना., मयंक गुप्ता 25 रन ना. की पारियों से 14.3 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। **संक्षिप्त स्कोर** - (सैपट्रान आर्यन क्रिकेट क्लब एंड फैथ स्पोर्ट्स : 30.3 ओवर में 114/8, यू जी सी ए-मौलाना आजाद क्रिकेट क्लब : 14.3 ओवर में 114/2)

## अंतिम फाइनल में, अंशु सहित तीन अन्य कांस्य के लिए भिड़ेंगे

**एशियाई कुश्ती**

अस्ताना (भाषा)। भारत की युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने जवाबी हमले का शानदार नमूना पेश करते हुए बुधवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के 53 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया जबकि अंशु मलिक जापान की साए नैंजो के रक्षण को तोड़ने में नाकाम रही और उन्हें अब कांस्य पदक के लिए भिड़ना होगा। पिछले साल अंडर-20 विश्व चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी 18 वर्षीय पंघाल ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से हराया और फाइनल तक की राह में केवल एक अंक गंवाया।

पंघाल ने सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की अक्तेंग क्यूनिमजाएवा के खिलाफ चेतावनी मिलने के कारण एक अंक गंवाया लेकिन उन्होंने यहां मुकाबला आसानी से 8-1 से जीता। पंघाल ने अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर की सिआओ पिंग एलविना लिम के खिलाफ आसान जीत के साथ की और इसके बाद क्वार्टरफाइनल में चीन की ली डेंग को 6-0 से हराया। स्वर्ण पदक के लिए उनका मुकाबला 2021 की विश्व चैंपियन जापान की अकारी फुजिनामी से होगा जिन्होंने 2020 में सीनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा शुरू करने के बाद बमुश्किल ही कोई मुकाबला गंवाया होगा।

अंशु मलिक से 57 किग्रा भार वर्ग में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी लेकिन 2021 की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता यह भारतीय खिलाड़ी मौजूदा अंडर 23 विश्व चैंपियन नैंजो के खिलाफ अंक बनाने के लिए जूझती रही। जापानी पहलवान ने पहले दौर में आक्रामकता भी दिखाई जबकि अंशु को निष्क्रिय बने रहने के लिए एक अंक गंवाना पड़ा। नैंजो ने भी दूसरे दौर में निष्क्रियता के लिए अंक गंवाया लेकिन इसके बाद वह हावी हो गई और जब रेफरी ने मुकाबला रोका तब जापानी पहलवान 5-1 से आगे थी।



अंशु इस मुकाबले के दौरान चोटिल हो गई थी और अगर वह फिट रहती हैं तो कांस्य पदक के लिए मंगोलिया की एर्डेनेसुवद बैट एर्डीन से भिड़ेगी। इस बीच मनीषा (65 किग्रा), रीतिका (72 किग्रा) और सोनम मलिक (62 किग्रा) कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगी। सोनम को क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया की ओरखोन प्योरवदोर्ज से हार गई थी लेकिन उनकी प्रतिद्वंद्वी ने फाइनल में पहुंचने के बाद इस भारतीय खिलाड़ी को प्रतियोगिता में वापसी करने का मौका मिला।

## दिल्ली फुटबाल : नॉर्दन यूनाइटेड, रॉयल बंगाल का धमाकेदार प्रदर्शन

नई दिल्ली (एसएनबी)। नॉर्दन यूनाइटेड एफसी ने अशोक एफसी को एक रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराकर बुधवार को फुटबॉल दिल्ली बी-डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। विजेता टीम के लिए तुषार, सौरभ कुमार और आर्यन असवाल ने गोल जमाए। पराजित अशोका के गोल जय सिंह और आर्यन ने किए। एक अन्य संघर्षपूर्ण मैच में ईआईएमआई को रॉयल बंगाल ने 1-1 से ड्रा पर रोककर अंक बांटे। रॉयल का गोल शशांक मालकोटी ने और प्रतिद्वंद्वी का गोल यमन सिंह ने किया। बंगाल के गोली सुल्तान अली को सुभाशीष ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

दिन के एक बड़े स्कोर वाले मैच में जुबा संघा ने रोहिणी एफसी को 13 गोलों से हराकर रिकार्ड जीत दर्ज की। दिल्ली की संतोष ट्रॉफी टीम के सितारों और प्रीमियर लीग के प्रमुख क्लबों के खिलाड़ियों से सजे जुबा संघा के लिए महीप अधिकारी ने तिकड़ी जमाई। दिन के अन्य मैचों में दिल्ली हीरोज ने हंस को 2-1 से और कॉलेजियन ने लोधी एससी को चार गोलों से परास्त किया।

## मिश्रा मेमोरियल : स्कंद स्पोर्ट्स की पेलिकन्स पर आसान जीत



नई दिल्ली (एसएनबी)। स्कंद स्पोर्ट्स ने पेलिकन्स क्लब को 132 रनों से रौंद कर 8वें राजपति मिश्रा क्रिकेट टूर्नामेंट की लीग मैच में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्कंद स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 39 ओवर में 291 रनों का स्कोर खड़ा किया। सक्षम रॉय ने 92 रन, हमेश कृष्णा 61 रन और आयुष चौहान ने 32 रन की पारी खेली। पेलिकन्स के लिए ने चार, एकलव्य सिंह ने तीन और अरमान सैफी ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पेलिकन्स क्लब ने की टीम 40 ओवर में नौ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। अबीर नागपाल ने 74 रन की नाबाद पारी खेली। सुमित चौहान ने 17 रन देकर छह विकेट लिए। सुमित ने लगातार पांच मेडन ओवर भी फेंके। आदिव्य पावरिया ने 27 रन देकर दो विकेट लिए। सुमित चौहान को शानदार गेंदबाजी के लिए स्पोर्ट्स सन मैन ऑफ द मैच दिया गया। **संक्षिप्त स्कोर** - (स्कंद स्पोर्ट्स : 40 ओवर में 291/10, पेलिकन्स क्लब : 40 ओवर में 159/9)।

### त्रेहन की गेंदबाजी से टेलफांकन क्लब जीता

मैन ऑफ द मैच त्रेहन वशिष्ट (4/26) की घातक गेंदबाजी, यश द्विवेदी 2/39, चिन्मय वशिष्ट 58 रन ना., शौर्य सेठ 57 रन ना. के शानदार खेल से टेलीफंकन क्लब ने ऑल इंडिया किरण चोपड़ा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में श्री साई क्रिकेट क्लब को बेहतर रन रेट के आधार पर जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से अर्जुन 34 रन, माही 33 रन, वरुण शर्मा 29 रन का खेले शानदार रहा। **संक्षिप्त स्कोर** - (श्री साई क्रिकेट क्लब : 36 ओवर में 186/10, टेलफांकन क्लब :19 ओवर में 126 बिना विकेट खोए)

### दून क्रिकेट अकादमी जीती

मैन ऑफ द मैच राहुल (25 रन ना., व 5/19), आर्यमन सिंह 2/18, गगन 21 रन के शानदार खेल की बदौलत दून क्रिकेट अकादमी ने श्री माता राज बाला मेमोरियल ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट में ऐस क्रिकेट अकादमी को तीन विकेट से पराजित किया। पराजित टीम की ओर से अमनदीप ने 41 रन बनाए। **संक्षिप्त स्कोर** - ऐस क्रिकेट अकादमी : 19 ओवर में 85/10, दून क्रिकेट अकादमी : 19 ओवर में 89/7)।

### वैभव और एकांश ने जड़े शतक

वैभव के 168 रन ना. और एकांश डोभाल के 143 रन ना. की बदौलत पारियों से एआईएमआईएल ने 38वें अखिल भारतीय लक्ष्मण दास छाबड़ा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में भवानी यूथ क्रिकेट क्लब के पर 133 रनों से जीत दर्ज की। वेदांत भारद्वाज (76 रन) को स्पोर्ट्स फाइटर का पुरस्कार मिला। **संक्षिप्त स्कोर** - एआईएमआईएल : 40 ओवर में 371/2 (वैभव शर्मा 168 रन ना., एकांश डोभाल 143 रन ना., लोकेश 1/78, नीलमणि 1/69), भवानी यूथ क्लब : 30.3 ओवर में 238/10 (वेदांत भारद्वाज 76 रन, लोकेश 39 रन, ध्रुव 3/40, सक्षम कैम 3/31)।

### रौनक ने झटके पांच विकेट , मधुर का शतक

दिल्ली अंडर-16 कप्तान रौनक वागेला (5/11, 17 रन), इसाक मैट्यू 2/15 और चिराग राणा 32 रन की मदद से गोल्डन ईगल क्लब ने 13वें बुद्ध राम राजपूत मेमोरियल अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिकेट एकेडमी ऑफ एक्सीलेंस को छह विकेट से हराया। **संक्षिप्त स्कोर** - सीएई : 31 ओवर में 94/10 (प्रथमेश वत्स 34 रन, रौनक वगेला 5/11, इसाक मैट्यू 2/15), गोल्डन ईगल : 16 ओवर में 97/4 (चिराग राणा 32 रन, रौनक वागेला 17 रन, नैतिक माथुर 3/27)। एक अन्य मैच में मधुर यादव (112 रन) की शतकीय पारी, आर्यन गोदियाल के 66 रन और कृपार्थ अवाना के 2/48 की मदद से प्लेयर्स अकादमी पूसा रोड ने एयरलाइनर्स अकादमी मंदिर मार्ग को दो रन से हराया। **संक्षिप्त स्कोर** - प्लेयर्स अकादमी : 40 ओवर में 240/3 (मधुर यादव 112 रन, आर्यन गोदियाल 66 रन, प्रखर गुप्ता 2/44), एयरलाइनर्स अकादमी : 40 ओवर में 238/7 (नैतिक यादव 77 रन, कॅपार्थ अवाना 2/28)।

## डीडीसीए लीग : पार्थ ने जमाया शतक

नई दिल्ली (एसएनबी)। पार्थ गोस्वामी 112 रन की शतकीय पारी, संदीप सांगवान 59 रन और आदित्य पांडे 3/29, चेतन्य गोयल 2/30 की शानदार गेंदबाजी से दिल्ली कोल्ट्स ने डीडीसीए लीग मुकाबले में एकता क्लब को 105 रन से हराया। **संक्षिप्त स्कोर** - दिल्ली कोल्ट्स : 40 ओवर में 297/9 (पार्थ गोस्वामी 112 रन, संदीप सांगवान 59 रन, अनीश खट्टर 3/45), एकता क्लब : 40 ओवर में 192/9 (तुषार मलिक 44 रन, आयुष तंवर 34 रन, आदित्य पांडे 3/29, चेतन्य गोयल 2/30)।

### आर्यन व अक्षय चमके

आर्यन कपूर के ऑलराउंडर प्रदर्शन (69 रन, 5/36) अक्षय सैनी 91 रनों की मदद से यंग फ्रेंड्स क्लब ने माउंट सीसी को 126 रन से हराया। **संक्षिप्त स्कोर** - यंग फ्रेंड्स क्लब : 40 ओवर में 263/4 (अक्षय सैनी 91 रन, आर्यन कपूर 69 रन, कार्तिक वत्स 2/29), माउंट सीसी : 28 ओवर में 137/10 (प्रणव राजवंशी 53 रन, आर्यन कपूर 5/36)।

### मौलाना आजाद की जीत

आर्यन (96 रन) के अर्धशतक, धनंजय सिंह 37 रन और जहान रावल 4/22 के खेल से मौलाना आजाद क्लब ने स्पोर्टिंग क्लब को सात विकेट से हराया। **संक्षिप्त स्कोर** - स्पोर्टिंग क्लब : ओवर 35 में 174/10 (सौरव डागर 68 रन, जेहान रावल 4/22), मौलाना आज़ाद क्लब : 30 ओवर में 178/3 (आर्यन 96 रन, धनंजय सिंह 37 रन, ऋषभ ड्रॉल 2/33)।



## मैनचेस्टर के जंगलों की आग 500 एकड़ में फैली

**न्यूजर्सी, (एजेंसी)।** अमेरिका में मैनचेस्टर टाउनशिप के पास जंगलों में लगी आग 500 एकड़ में फैल गई है और दमकलकर्मी इसे बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। न्यूजर्सी फॉरेस्ट फायर सर्विस ने मंगलवार को बताया कि नेजडीप फॉरेस्ट फायर और मैकगायर-डिक्स-लेकहर्स्ट फायर विभाग की एकीकृत कमान के दमकलकर्मी मैनचेस्टर टाउनशिप के जंगल में लगी आग को बुझाने, रूट 539 और हॉरिकॉन एवेन्यू के साथ राज्य की तथा निजी संपत्ति बचाने में लगे हुए हैं। आग 500 एकड़ में फैल गई है और इसके महज 10 प्रतिशत हिस्से पर काबू पाया जा सका है। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। अग्निशमन सेवा ने ट्वीट कर कहा कि आग से 25 संरचनाओं को खतरा है।

## इक्वाडोर में बंदरगाह पर सशस्त्र हमला, नौ की मौत

**क्विटो, (एजेंसी)।** इक्वाडोर के पश्चिमोत्तर प्रांत एस्मेराल्डास में कोलंबिया की सीमा से लगे मछली पकड़ने के छोटे बंदरगाह पर हुए सशस्त्र समूह के हमले में करीब नौ लोगों की मौत हो गई। घटनास्थल पर सात लाशें और पास के एक अस्पताल से दो शव बरामद हुए हैं। उन्होने कहा कि इस अपराध में शामिल लोगों को तलाश के लिए जांच की जा रही है। पिस्तौल और राइफलों से लैस हमलावरों का एक समूह सुबह बंदरगाह पर पहुंचा और घटनास्थल से भागने से पहले गोदाम में काम कर रहे व्यापारियों और कर्मचारियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। गृहमंत्री जुआन जपाटा ने बताया कि 30 हमलावरों ने इस घटना को अंजाम दिया और इस घटना में कम से कम चार लोग घायल हुए हैं। हमले के पीछे किस संगठित अपराध समूह का हाथ है इसकी जांच की जा रही है।

## दलित युवक को दिनदहाड़े पीटकर उतारा मौत के घाट

**बाड़मेर, (एजेंसी)।** राजस्थान के बाड़मेर जिले के आसाड़ी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार को एक दलित युवक की दिनदहाड़े पीट पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने घायल दलित युवक को गंभीर हालत में एंबुलेंस से बाड़मेर के राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सरेराह दिनदहाड़े हुई हत्या की सूचना के बाद पूरे इलाके में सनसनी गई। पुलिस के अनुसार बाड़मेर जिले के गिराब थाना इलाके के आसाड़ी गांव का कोजाराम बुधवार को सुबह बकरियां चराने के लिए घर से निकला था। उसी समय एक राय होकर आए कुछ हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने कोजाराम से जमकर मारपीट कर मौके से फरार हो गए। कोजाराम को अस्पताल भिजवाया वहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजन आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़ गए हैं। दलित नेता उदाराम ने कहा कि कोजाराम ने पिछले पांच छह बरसों में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज करवा रखे थे। उन मामलों में आरोपियों के खिलाफ चालान भी हो गए।

## बिहार के कई भागों में 4.3 तीव्रता का आया भूकंप

**पटना, (एजेंसी)।** बिहार में सीमांचल के कई जिलों में बुधवार को सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार सुबह करीब पांच बजे राज्य के अररिया, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, सहरसा और मधेपुरा में भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटका महसूस होते ही घबराहट में लोग घरों से बाहर आ गए। भूकंप से फिलहाल किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र रानीगंज और बनमनखी के बीच था। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर करीब 4.3 मापी गई है।

## आज का इतिहास

- **1648:** लाल किले का निर्माण कार्य पूरा हुआ।
- **1699:** सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की।
- **1772:** वॉरेन हेस्टिंग्स ईस्ट इंडिया कंपनी की बंगाल समिति के अध्यक्ष नियुक्त हुआ।
- **1796:** इटली की जंग में नेपोलियन ने आस्ट्रिया को हराया।
- **1796:** अमेरिका में पहला हाथी भारत से लाया गया।
- **1890:** भारत की पहली फिल्म श्रीपुंडलीक के निर्माता, फिल्मकार दादासाहब तोरणे का जन्म।
- **1919:** ब्रिटिश जनरल डायर ने अमृतसर के जलियांवाला बाग में सभा गोलियां चलवाकर निहत्थे लोगों की हत्या की।
- **1919:** बेनिटो मुसोलिनी ने इटैलियन फासिस्ट पार्टी की स्थापना की।

# यमन में संघर्ष समाप्त करने के प्रयासों के बीच जेक सुलिवन, सऊदी के युवराज ने फोन पर बात की



यमन। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने मंगलवार को सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ फोन पर बात की। दोनों के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब यमन में सऊदी अरब और ईरान समर्थित हूती विद्रोही नौ साल से जारी संघर्ष को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। युवराज के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के संबंध मानवाधिकारों और तेल उत्पादन संबंधी मुद्दों को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं। हालांकि, सऊदी के नेता और राष्ट्रपति बाइडन के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने लंबे व खूनी युद्ध को समाप्त करने के संकेतों के बीच बातचीत करने का फैसला किया। सऊदी राजनयिक मोहम्मद बिन सईद अल-जबर के रविवार को यमन की राजधानी सना में हूती विद्रोहियों के साथ वार्ता के लिए मुलाकात करने के बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसका उद्देश्य युद्ध को समाप्त करने के लिए वार्ता में तेजी लाना है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि सुलिवन ने युद्ध को समाप्त करने के लिए अधिक व्यापक रणनीति को आगे बढ़ाने की दिशा में सऊदी अरब के असाधारण प्रयासों का स्वागत किया और उन प्रयासों के लिए अमेरिका के पूर्ण समर्थन की पेशकश की। वार्ता की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि अगले सात से 10 दिन के भीतर एक समझौता हो सकता है। व्हाइट हाउस आगे की कार्रवाई को लेकर सतर्क व आशावादी है। वार्ता से परिचित बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दोनों पक्षों को काफी मशक्कत करनी होगी, क्योंकि बातचीत अब भी काफी जटिल बनी हुई है। अधिकारी ने बताया कि अंतिम समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि स्थिति जटिल बनी हुई है। व्हाइट हाउस के मुताबिक, यमन में बाइडन के विशेष दूत टिम लेंडरकिंग को सऊदी अधिकारियों के साथ आगे की वार्ता के लिए इस सप्ताह सऊदी अरब की राजधानी रियाद भेजा जाएगा। केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) के निदेशक विलियम बर्न्स पिछले हफ्ते खुफिया अधिकारियों से मिलने सऊदी अरब गए थे।

## ट्विटर पर ब्लू टिक के अब लगेंगे पैसे

### 8 दिन बाकी : मोबाइल यूजर को महीने में 900 और वेब यूजर को 650 चुकाने होंगे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** ट्विटर यूजर्स के अकाउंट से 20 अप्रैल के बाद ब्लू टिक हट जाएगा। कंपनी ने पुराने तरीके से हासिल किए गए फ्री ब्लू टिक को हटाने की प्रोसेस तेज कर दी है। अगर किसी को अपना ब्लू टिक बचाए रखना है तो उसे ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन खरीदना होगा। कंपनी के नए सीईओ एलन मस्क ने बुधवार को इस संबंध में ट्वीट किया।



उन्होंने लिखा कि लीगेसी ब्लू चेकमार्क हटाए जाने की आखिरी तारीख 4/20 है। इससे पहले एक अप्रैल से लीगेसी चेकमार्क हटाने की तारीख तय की थी। ट्विटर के कहा था कि एक अप्रैल को हम अपने लीगेसी वेरिफाइड प्रोग्राम को खत्म करना और लीगेसी वेरिफाइड चेकमार्क को वापस लेना शुरू करेंगे।

## टीएमसी के राष्ट्रीय दर्जा पर कोर्ट जाएंगी ममता

### भाजपा ने प. बंगाल की सरकार को बताया आतंक वाली सरकार

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने तीन दलों का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा छीन लिया। इन तीन पार्टियों में पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस, सीपीआई और एनसीपी शामिल हैं। इस बीच चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ टीएमसी पार्टी कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है।

मामले को लेकर तृणमूल कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने कहा कि पार्टी चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने के लिए कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है। हालांकि मामले को लेकर अभी तक पार्टी की तरफ से कोई भी आधिकारिक बयान नहीं आया है। वहीं टीएमसी से राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा छिनने के बाद भाजपा ने भी प्रतिक्रिया जारी की है। मामले पर प्रदेश भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार ने ट्वीट करते हुए कहा कि टीएमसी ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खो दिया और इसे अब एक क्षेत्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दी जाएगी। अब टीएमसी को बढ़ाने की दीदी की आकांक्षा के लिए कोई जगह नहीं है, क्योंकि लोग जानते हैं कि टीएमसी सबसे भ्रष्ट, तुष्टिकरण और आतंक से भरी सरकार चलाती है। सरकार गिरना तय है, क्योंकि पश्चिम बंगाल के लोग इस सरकार को लंबे समय तक बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# साबरमती जेल से नैनी जेल पहुंचा अतीक, सीजेएम कोर्ट में पेशी आज

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** कुख्यात माफिया डॉन अतीक अहमद को लेकर साबरमती जेल से लेकर उप्र पुलिस एक बार फिर प्रयागराज पहुंची है। कड़ी सुरक्षा में नैनी जेल में अतीक को रात गुजारने के लिए रखा गया है। उधर, भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ को भी प्रयागराज लाया गया है।



दोनों की गुरुवार को सीजेएम कोर्ट में पेशी होगी। बताया जा रहा है कि अशरफ को लाते वक्त रायबरेली में पुलिस की गाड़ी खराब हो गई थी। उसके बाद धक्का मारकर गाड़ी को स्टार्ट किया गया था।

अतीक अहमद को लेकर आ रहा पुलिस का काफिला मंगलवार की दोपहर बाद ही साबरमती जेल से रवाना हो गया था। वहीं, बुधवार की अल सुबह मध्य प्रदेश के शिवपुरी से चलकर अतीक अहमद का काफिला यूपी की सीमा में प्रवेश कर गया। फिर झांसी होते हुए काफिला प्रयागराज पहुंचा।

### 27 मार्च को भी लाया गया था प्रयागराज

अभी 27 मार्च को भी अतीक अहमद को साबरमती जेल से प्रयागराज लाया गया था। हालांकि उस समय उसे साल 2008 के उमेश पाल अपहरण केस में लाया गया था। इसी मामले में कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी के मुताबिक अब उमेश पाल हत्याकांड में प्रयागराज पुलिस ने कोर्ट में प्राथमिक चार्जशीट दाखिल की है। साबरमती जेल से निकलने के बाद बीच रास्ते में मीडिया से अतीक से बात की। इस दौरान अतीक ने मीडिया को धन्यवाद दिया। कहा कि आपकी वजह से ही सुरक्षित हूं। उमेश पाल हत्याकांड में माफिया डॉन अतीक अहमद को कोर्ट में पेश करने के लिए प्रयागराज पुलिस उसे साबरमती जेल से लेकर नैनी जेल पहुंची है। वहीं, अशरफ को बरेली जेल से लाया गया है।

### बोला...अब तो रगड़ा जा रहा है

**झांसी,(ब्यूरो)।** साबरमती जेल से प्रयागराज ले जाए जा रहे गैंगस्टर अतीक अहमद को बुधवार सुबह करीब सवा एक घंटे के लिए झांसी पुलिस लाइन में रोका गया। यहां अतीक ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपने आप को बेगुनाह बताया। कहा, उसने जेल से कोई फोन नहीं किया। वहां जैमर लगे हुए हैं। मैंने जेल से कोई साजिश नहीं रची। छह साल से मैं जेल में हूं। इसके पहले अतीक ने कहा कि मेरा परिवार पूरी तरह से बर्बाद हो गया, मैं जेल में था। मेरा परिवार पूरी तरह बर्बाद हो गया। सरकार ने कहा था कि मिट्टी में मिला देंगे। मिट्टी में तो मिल दिए, अब तो रगड़े जा रहे हैं।

### प्रयागराज में ईडी की छापेमारी

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** अधिकारियों को तलाशी में 75 लाख इंडियन करेंसी और विदेश करेंसी, लगभग 200 बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज और 50 शेल कंपनियों का पता चला है, जिनका उपयोग जबरन वसूली, जमीन हड़पने और अन्य आपराधिक गतिविधियों से अर्जित धन के शोधन के लिए किया गया था। इसके अलावा ईडी को छापेमारी में अतीक के करीबियों और फर्मों के नाम पर 100 से ज्यादा संपत्तियों के दस्तावेज भी मिले हैं। इन संपत्तियों का अतीक की बेनामी संपत्ति होने का संदेह है. छापेमारी में 50 करोड़ रुपए से अधिक के नकद लेन-देन का भी पता चला है।

## नेपाल : सड़क दुर्घटना में चार भारतीयों की मौत

### बनेपा बर्दिबास राजमार्ग से करीब 500 मीटर नीचे खाई में गिरी कार

**काठमांडू, (एजेंसी)।** नेपाल के बागमती प्रांत के एक सुदूर क्षेत्र में एक कार के नाले में गिर जाने से चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना मंगलवार देर रात हुई जब उस कार के चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया जिससे कार सिंधुली जिले के कमला माई नगर पालिका में बनेपा बर्दिबास राजमार्ग से करीब 500 मीटर नीचे खाई में गिर गई। खबर के अनुसार, चारों मृतक पुरुष हैं, लेकिन उनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

'काठमांडू पोस्ट' अखबार ने जिले के पुलिस अधीक्षक राज कुमार सिलवाल के कार्यालय के हवाले से कहा कि बिहार के पंजीकरण नंबर वाली कार काठमांडू जा रही थी और उसके दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सिलवाल ने कहा कि सिंधुली अस्पताल ले जाए गए एक अन्य घायल यात्री की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## माउंट एवरेस्ट की हिम दरार में तीन शेरपा पर्वतारोही लापता

**काठमांडू, (एजेंसी)।** नेपाल के पर्यटन विभाग के अनुसार, बुधवार को माउंट एवरेस्ट के एक हिमदरार में तीन शेरपा पर्वतारोही लापता हो गए। विभाग के निदेशक युबराज खातिवाड़ा के अनुसार, तीनों की पहचान चिरी शेरपा, लकपा टेंडी शेरपा और लकपा रीता शेरपा के रूप में की गई है, जो कैंप 1 से रस्सी-फिक्सिंग उपकरण लेकर कैंप 2 जा रहे थे। खोज और बचाव के प्रयास जारी हैं। जैसे-जैसे अभियान का नया मौसम नजदीक आ रहा है, उम्मीद है कि इस साल लगभग 500 पर्वतारोही दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत पर चढ़ने का प्रयास करेंगे।

## सेट पर घायल हुए संजय दत्त

**बेंग्लुरु, (एजेंसी)।** बेंगलुरु की मगदी रोड में फिल्म की शूटिंग हो रही थी इस दौरान संजय दत्त अपनी अपकमिंग कन्नड़ फिल्म 'केडी - द डेविल' के सेट पर शूटिंग करते समय घायल हो गए। बेंगलुरु में फिल्म के सेट पर बम विस्फोट का सीन शूट करने के दौरान ये हादसा हुआ। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक संजय दत्त को हाथ, कोहनी और चेहरे पर चोट आई है। हादसे के बाद शूटिंग रोक दी गई है। फिल्म में विलेन का किरदार निभा रहे हैं संजय दत्त। इसमें ध्रुवा सरजा लीड रोल में हैं।

## असम में 14 को नहीं अब 13 को बनाया जाएगा बिहू वर्ल्ड रिकॉर्ड

**गुवाहाटी, (एजेंसी)।** असमिया संस्कृति की आत्मा बिहू गुरुवार को वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएगा। बिहू के विश्व रिकॉर्ड के लिए प्रतियोगिता 14 अप्रैल को नहीं बल्कि 13 अप्रैल को आयोजित होगी। गुरुवार को 11,000 बिहुवा-बिहुवती (युवक-युवतियां) गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के लिए बिहू नृत्य में हिस्सा लेंगे। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार को देर शाम जनता भवन (असम सचिवालय) में एक संवाददाता सम्मेलन में दी।



गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का प्रमाण पत्र शुक्रवार 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में जारी किया जाएगा। रिकॉर्ड गुरुवार शाम 5.30 बजे से 6.30 बजे के बीच बनाया जाएगा। रिकॉर्ड दो तरह के होंगे, एक ढुलिया (ड्रमर), एक नाचनी (नृत्य) के होंगे। मुख्यमंत्री ने सभी से आग्रह किया कि वे बिहू देखने के लिए कल सोरूसजाई स्टेडियम में पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि बिहुवा-बिहुवती को पूर्व में दिए गए 10 हजार रुपए के अलावा रचनात्मक कार्य के लिए 25 हजार रुपए की धनराशि दी जाएगी। यह 25 हजार रुपए 11,104 ढुलिया-नाचनी, मास्टर ट्रेनर और चार सौ अन्य युवतियों को दिए जाएंगे।

### पीएम मोदी असम को देंगे 14300 करोड़ की सौगात

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को पूर्वोत्तर राज्य असम की यात्रा पर जायेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई। अपनी यात्रा के दौरान, पीएम श्री मोदी 14,300 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार, श्री मोदी करीब 12 बजे एम्स गुवाहाटी पहुंचेंगे और इसके नवनिर्मित परिसर का निरीक्षण करेंगे। बाद में एक सार्वजनिक समारोह में, वह एम्स गुवाहाटी और तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

## भारत-ब्रिटेन ने साइबर सुरक्षा पर की समीक्षा

### पांचवां 'इंडिया-यूके होम अफेयर्स डायलॉग'

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत और ब्रिटेन ने आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और अन्य विषयों से संबंधित मुद्दों की बुधवार को यहां समीक्षा की। दोनों देशों के बीच यहां पांचवां 'इंडिया-यूके होम अफेयर्स डायलॉग' संपन्न हुआ जिसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने और ब्रिटेन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री मैथ्यू रिक्रॉफ्ट, स्थायी सचिव गृह मंत्रालय ने किया। बैठक में दोनों देशों के अन्य वरिष्ठ अफसों ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग की समीक्षा की और आतंकवाद, साइबर सुरक्षा एवं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला, नशीले पदार्थों की तस्करी, प्रत्यर्पण, ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक उग्रवाद सहित अन्य भारत विरोधी गतिविधियों जैसे मुद्दों पर आपसी सहयोग बढ़ाने के अवसरों तथा तालमेल के जरिए सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई। भारतीय पक्ष ने खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा ब्रिटेन में मिले शरणार्थी के दर्जे का दुरूपयोग करते हुए भारत में आतंकवादी गतिविधियों में मदद करने और उन्हें बढ़ावा देने के बारे में अपनी चिंताओं से ब्रिटिश पक्ष को अवगत कराया। भारत ने ब्रिटेन के साथ सहयोग बढ़ाने और वहां स्थित खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों की निगरानी बढ़ाने तथा उनके खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया।

## मंत्री स्मृति व पीयूष के ओएसडी किए बर्खास्त

### अधिकारियों के कार्यकाल में कटौती की घोषणा



**नई दिल्ली,** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और स्मृति ईरानी के विशेष ड्यूटी अधिकारियों (ओएसडी) को बर्खास्त कर दिया गया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंगलवार को इन अधिकारियों के कार्यकाल में कटौती की घोषणा की।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा मंगलवार को जारी आदेशों के अनुसार, गोयल के ओएसडी अनुज गुप्ता का कार्यकाल 7 मार्च, 2023 से समाप्त कर दिया गया है, जबकि ईरानी की ओएसडी देवांशी शाह का कार्यकाल 31 जनवरी, 2023 को समाप्त कर दिया गया। आदेश में कहा गया है, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और कपड़ा व उद्योग एवं आंतरिक व्यापार मंत्रालय (पीयूष गोयल) के विशेष कार्याधिकारी अनुज गुप्ता के कार्यकाल में कटौती के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह आदेश 07 मार्च से लागू होगा। पीयूष गोयल के ओएसडी के रूप में नियुक्त करते हुए गुप्ता का कार्यकाल 2021 में बढ़ाया गया था। इसी तरह देवांशी शाह 2019 में स्मृति ईरानी से जुड़ी थीं।

## बर्ड फ्लू एच 3 एन 8 से दुनिया में पहले इंसान की हुई मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** चीन में एक और वायरस का कहर देखने को मिला है। इसमें पहली बार बर्ड फ्लू से एक इंसान की जान गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि एक चीनी महिला की मौत बर्ड फ्लू एच 3 एन 8 से हुई है। एच 3 एन 8 बर्ड फ्लू से मरने वाली वह दुनिया की पहली महिला है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, यह वायरस मनुष्यों में दुर्लभ है और इंसानों के बीच इसका संक्रमण नहीं दिखता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंगलवार देर रात एक बयान में कहा कि चीन के दक्षिणी प्रांत ग्वांगडोंग की 56 वर्षीय महिला एच 3 एन 8 एवियन इन्फ्लूएंजा से संक्रमित होने वाली तीसरी व्यक्ति थी।



**कोविड 19**

### क्या फिर से आने वाली है कोरोना वेव?

# घबराने की जरूरत नहीं, पर हो जाएं सतर्क

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

कोरोना आपकी जिंदगी की रफ्तार पर एक बार फिर ब्रेक लगा सकता है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने ओमिक्रॉन के वेरिएंट एक्सबीबी 1.16 पर रिसर्च किया है।

आईसीएमआर ने कहा है कि यह वेरिएंट तेजी से फैलने वाला है। हालांकि इससे डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। बड़ी बात यह है कि सरकार ने तेजी से फैलते कोरोना के मामलों को नए वेव मान लिया है। लेकिन अस्पताल में भर्ती होने की संभावना बेहद कम है। आईसीएमआर के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि देश में कोरोना लोकल स्टेज की ओर बढ़ रहा है। अगले 10-12 दिनों तक कोरोना के मामले बढ़ सकते हैं। हालांकि इसके बाद नए मामलों में तेजी से गिरावट आएगी। आईसीएमआर का मानना है कि मामलों में मौजूदा तेजी ओमिक्रॉन के वेरिएंट एक्सबीबी.1.16 के कारण ही है। आईसीएमआर ने यह भी बताया है कि नए वेरिएंट को आइसोलेट कर लिया गया है। बड़ी बात यह है कि मौजूदा वैक्सीन इसपर प्रभावी हैं, जो हमारे पास है। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ई फार्मेसी कंपनियों के साथ बैठक करेंगे। सरकार ई फार्मेसी को लेकर सख्त है। सरकार पहले ही ई फार्मेसी को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है। सरकार ई प्रिस्क्रिप्शन की हिमायती है, लेकिन इसे लेकर भी सरकार नियम बना रही है।



### देश में 223 दिन बाद दर्ज हुए कोरोना के 7830 नए केस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के सात हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 40 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 7830 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 40215 हो गई है और संक्रमण दर 3.65 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 4692 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.72 प्रतिशत है। इसी अवधि में 214242 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 441 कोविड टीके लगाए गए हैं। इसके साथ ही देश में 220.66 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए जा चुके हैं।

## ईडी ने लालू की बेटी रागिनी से की जमीन मामले में पूछताछ

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद की बेटी रागिनी यादव से नौकरियों के बदले कथित जमीन मामले में पूछताछ की, एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्हें हाल ही में ईडी ने मामले की जांच में शामिल होने के लिए बुलाया था। सूत्र ने कहा, रागिनी बुधवार को ईडी के मुख्यालय पहुंची और जांच में शामिल हुई। जांच में ईडी ने पाया कि लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों द्वारा गरीब ग्रुप-डी आवेदकों से महज 7.5 लाख रुपये में अधिग्रहित की गई जमीन के 4 पार्सल राबड़ी देवी द्वारा पूर्व विधायक सैयद अबू दोजाना को 3.5 करोड़ के भारी लाभ में सांठगांठ के सौदे में बेचे थे।



# मीरापुर बसही चौराहे पर व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन कर किया चक्काजाम



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। शिवपुर थाना अंतर्गत क्षेत्र में मीरापुर बसही उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने 13 अप्रैल गुरुवार की दोपहर मीरापुर बसही चौराहे किया धरना प्रदर्शन और चक्का जाम` चक्का जाम के वजह से कुछ समय के लिये भोजुबीर -सिन्धोरा मार्ग पर यातायात बाधित रहा वहीं जाम लगाने के कारण स्कूल छात्र -छात्राओ को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा` बताया जा रहा है की भोजूबीर से नटीनिया दाई तक महीनों से रोड खराब है जिसके कारण यहाँ धुल मिट्टी के वजह से परेशान व्यापारीगण इसकी शिकायत जलकल विभाग के जेई नीलम यादव व नगर निगम के अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार से किया लेकिन अभी तक कोई भी सुनवाई नहीं हुआ दिनभर के धूल गर्दो से परेशान व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन पर बैठकर चक्का जाम किया और हो रही समस्याओं का समाधान करने की मांग किया। व्यापार मंडल के संगठन मंत्री शेखर बाबा व मुकुंद सेठ, महिला मोर्चा अध्यक्ष कंचन लता मौर्य व अध्यक्ष मृत्युंजय सोनकर व उपाध्यक्ष अंकुर यादव ,महामंत्री किशन सेठ तथा व्यापारी साथी प्रकाश गुप्ता, सरोज कुमार उर्फ कुनकुन, मंत्री प्रभात सिंह, सहित सैकड़ों की संख्या में व्यापारीगण उपस्थित थे। चौकी इंचार्ज चांदमारी गौरव पाण्डेय के समझाने पर व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन को समाप्त किया और वापस यातायात सुचारू रूप से चालू जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। अध्यक्ष मृत्युंजय सोनकर ने मीडिया से बताया की अगर एक दिन के भीतर कार्य पूरा नहीं हुआ तो अगले दिन फिर दुबारा करेंगे धरना प्रदर्शन।

## ब्लॉक प्रमुख विनय सिंह ने रोजेदारों के साथ बैठ किया रोजा इफ्तार



प्रखर केराकत जौनपुर। रमजान के पवित्र माह में जहां मुस्लिम समाज की ओर से रोजे रखे जा रहे हैं। वहीं रोजे के बाद दावते इफ्तार प्रोग्राम का भी आयोजन किया जा रहा है।बुधवार की रात 20वें रोजे के समापन पर मुरकी गांव के ग्राम प्रधान मो सादिक ने दावते इफ्तार प्रोग्राम का आयोजन किया।इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के लोगो की भीड़ काफी संख्या में मौजूद रही इस दौरान रोजेदारों को रोजा इफ्तार कराने के साथ रोजा रखने और धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर चर्चा की गई।ग्राम प्रधान मो सादिक ने बताया कि मुस्लिम समाज में वैसे तो ईद, बारावफात, मोहर्रम जैसे कई आयोजन होते हैं, लेकिन सबसे सादगी भरा महीना रमजान का होता है। इसमें पूरे महीने मुस्लिम भाई सुबह से शाम तक बिना अन्न-जल ग्रहण किए रोजा रखते हैं। इससे ईश्वर से जुड़ने और उसकी आराधना करने का एक अच्छा अवसर मिलता है। रोजेदारों को इस प्रकार इफ्तार पार्टी में भोजन कराने से भाईचारा तो बढ़ता ही है, प्रेम संबंध भी मधुर होते हैं।रोजा इफ्तार पार्टी में पहुंचे मुफ्तिगंज पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनय सिंह ने रोजेदारों के साथ बैठ कर रोजा इफ्तार कर माहे रमजान की बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनय सिंह,गुड्डू सिंह,नौशाद,तंजीम,इकरार अहमद, मो शाहिद, मो शोएब,शब्बू,इम्तियाज व सआअलम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## गन्ना भुगतान समय से नहीं होने से किसान बेहाल : रामचन्द्र सिंह



प्रखर कुशीनगर। एक तरफ तो भाजपा किसान हित में बड़े बड़े डींगे मारने में सबसे आगे दिख रही है मगर हकीकत यह है कि, अपने ही किए गए घोषणा में सरकार फिसड्डी साबित हो रही है। सूबे के मुख्यमन्त्री का दावा है कि, किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन में उनके खाते में पहुँच जाएगा मगर जमीनी हकीकत कुछ और बयाँ कर रही है। उक्त बाते, भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) की जिला इकाई, कुशीनगर के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया। जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह बताया कि, जनपद के सेवरहीं चीनी मिल पर किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन में नही होना साथ ही साथ जनपद गोरखपुर के पिपराईच चीनी मिल जो सरकारी है वह भी जनपद कुशीनगर के किसानों के गन्ने का भुगतान करने में व्यापक रूप से लापरवाही कर रही है जो सरकार की पोल खोलने के लिये काफी है। उक्त दोनों चीनी मिलों के द्वारा समय से किसानों के गन्ने का भुगतान नही होने के वजह से किसानों का हाल बेहाल हो चुका है। शादी ब्याह, बच्चों की फीस, खेती-बारी के साथ साथ अन्य जरूरतों को पूरा करने में किसान लोहे का चना चबा रहा है और सरकार अपनी बाहवाही करने में मस्त है और अपनी जबावदेही किसान हित में तय नही कर पा रही है! जनपद के कप्तानगंज चीनी मिल पर किसानों के गन्ने का भुगतान पिछले पेराई सत्र का करोड़ों रुपये बकाया है उसके ऊपर भी सरकार मौन ब्रत धारण किए हुए है जो आने वाले समय के लिये शुभसंकेत नही है! भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने चेताया है कि, यदि किसानों के गन्ने का भुगतान तत्काल कराने में सरकार विफल होती है तो हमारा यूनियन किसान हित में कोई समझौता नही करेगा! और बहुँत ही जल्द गन्ना भुगतान कराने को लेकर सड़क पर आने के लिये मजबूर होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## जलियांवाला बाग के अमर शहीदों को किया नमन

प्रखर वाराणसी। कंपोजिट विद्यालय सोनबरसा के अध्यापकों को बच्चों ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के वीर अमर बलिदानी शहीदों को याद कर उनको नमन किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अवनीश पाठक ने कहा की भारत के इतिहास में वह दिन एक बहुत ही काला दौर था, इस घटना ने भारतीयों के प्रति ब्रिटिश अधिकारियों के व्यवहार को दिखाया, जो भारत पर शासन कर रही थी। जलियांवाला बाग हत्याकांड के संचालन के लिए ब्रिटिश जनरल रेजिनाल्ड डायर जिम्मेदार था। अंग्रेजों की ओर से रौलेट एक्ट लागू किए जाने को लेकर ही भारतीय विरोध कर रहे थे। रौलेट एक्ट को लेकर असहमति प्रकट करने के लिए जलियांवाला बाग में एक सभा आयोजित की जिसमे जलरल डायर ने 15 मिनट तक गोली चलवा कर निहत्थे भारत माता के सपूतों को मौत के घाट उतार दिया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक सविता सक्सेना, ग्राम प्रधान प्रमोद राजभर, आशा यादव, अमरेश यादव, हनुमान चौबे, आरती गौतम, लीलावती, संध्या श्रीवास्तव, नीलम, सविता, प्रमिला यादव समेत विद्यालय के सभी बच्चे मौजूद रहे।



## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अब हर माह के 1 और 16 को भी आयोजित

प्रखर मिजार्पुर। जनपद में अधिक से अधिक महिला व शिशु को लाभान्वित करने के उद्देश्य से चल रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का विस्तार किया गया है। हर माह के 9 और 24 तारीख को चलने वाला यह अभियान अब 1 और 16 तारीख को भी चलेगा। यह जानकारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक अजय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अभी तक अभियान के दौरान 2500 महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा जाता रहा है लेकिन एक दिवस में 1200 से 1400 महिलाओं को ही लाभान्वित हो पाती थीं। महीने में चार बार आयोजन होने से अब अधिकाधिक महिलाएं लाभान्वित हो सकेंगी।

जिला कार्यक्रम प्रबन्धक ने गुरूवार को पत्र जारी करके निर्देशित करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं के चिन्हाकंन करने के साथ ही साथ महिलाओं को जांच और इलाज में प्राथमिकता देने के साथ ही उनके उपचार के लिए विशेष व्यवस्था भी करने का काम करेगी। इसके पूर्व में पीएमएसएमए दिवस हर महीने की 9 और 24 तारीख को मनाया जाता रहा है। अब इस अभियान को विस्तार किया गया और 1 और 16 तारीख को भी आयोजन करने का फैसला लिया गया है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चलाया जाता है। अभियान के दौरान प्रसव पूर्व जांच एवं अन्य सुविधाएं गर्भवती महिलाओं को एक से अधिक बार उपलब्ध कराया जाता है। सामान्य जांच के दौरान हाई रिस्क प्रेगनेंसी होने वाली महिलाओं को चिन्हित कर-के उनको आवश्यक डॉक्टरी सलाह दिया जाता है।विभिन्न कारणों से जोखिम गर्भावस्था मातृ.शिशु की मृत्यु का कारण बनती है। प्रसव पूर्व छोटी.बड़ी कई कमियों का सामने नहीं आ पाना इसकी प्रमुख वजह है। गर्भवती को महिलाओं को चिन्हित उच्च रक्तचापए गंभीर रक्ताल्पताए मधुमेहए दिल की बीमारीए क्षयरोगए मलेरिया आदि की स्थिति में जोखिम बना रहता है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य ऐसी महिलाओं को प्रसव पूर्व ही चिन्हित कर उपचार करना होगा। इससे कि प्रसव के दौरान खतरनाक स्थिति न बने। प्रसव पूर्व जांच में ऐसी महिलाओं को चिन्हित कर सरकारी अस्पतालों मंर उनका उपचार किया जाएगा।

जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता दिनकर लाल ने बताया की अब तक प्रत्येक माह की 9 तारीख को पीएमएसएमए मनाया जा रहा था। अब इसमें और तेजी लाने के लिए प्रमुख सचिव ने इसे हर माह 1 और 16 तारीख को भी जनपद की एफआरयू ;प्रथम संर्दभन इकाईद्धए जनपदीय महिलाध्संयुक्त चिकित्सालयोंए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रोंए अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें द्वितीय व तृतीय त्रैमासकी गर्भवती की जांच होगी। इसके साथ ही बताया की हर माह की 9 तारीख को जनपद के जिला महिला अस्पताल सहित ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य इकाईयोंए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में और हर माह की 24 तारीख को जनपद की एफआरयू ;प्रथक संर्दभन इकाईद्ध में यह आयोजन किया जाता रहा है।

## वाराणसी के आउटर रिंग रोड से जुड़ेंगी जनपद की सड़कें

### सिक्स लेन के लिए अधिग्रहीत होगी जमीन, इन मार्गो से जुड़ेगा आउटर रिंग रोड

प्रखर मिजार्पुर । अहरौरा चुनार चकिया मार्ग को सिक्स लेन बनाया जाएगा वाराणसी आउटर रिंग रोड का हिस्सा हो जाएगा (अहरौरा चकिया मार्ग) फिल्हाल सड़क को 4 लेन ही बनाया जाएगा उसके साथ-साथ सरविस लेन भी बनेगा मगर जमीन का अधिग्रहन सिक्स लेन जीतना होगा ताकि भविष्य में 6 लेन किया जा सके...



आउटर रिंग रोड पर फिलहाल फोरलेन बनाया जाएगा। उसके साथ सर्विस रोड भी बनेगा जिससे दुर्घटनाएं नहीं हो। आउटर रिंग रोड को जिले के प्रमुख सड़कों से जोड़ा जाएगा जिससे राहगीर को लंबी दूरी तय न करनी पड़े।हालांकि, जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया सिक्सलेन के हिसाब से की जाएगी जिससे भविष्य में जरूरत पड़ने पर फोरलेन सड़क को सिक्सलेन में बदला जा सके।

आउटर रिंग रोड को जिले के प्रमुख सड़कों से जोड़ा जाएगा जिससे राहगीर को लंबी दूरी तय न करनी पड़े। यदि जिले को जोड़ने वाली सड़क एक लेन है तो उसे दो लेन बनाकर रिंग रोड से जोड़ा जाएगा।

**होटल, रेस्टोरेंट और पार्किंग का होगा निर्माण**– कई जिलों को जोड़ने वाले आउटर रिंग रोड पर यात्रियों की सुविधा को देखते हुए होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, चाय-पान की दुकान, होटल, गेस्ट हाउस, पेट्रोल पंप और बैठने के लिए बेंच लगाए जाएंगे। आउटर रिंग रोड की लंबाई 300 किलोमीटर से अधिक होगी, ऐसे में कई स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था होगी जिससे चालक कुछ देर आराम कर सके। इससे दुर्घटनाएं होने की संभावना कम होगी।

**इन मार्गो से जुड़ेगा आउटर रिंग रोड**

राष्ट्रीय राजमार्ग

चुनार से मीरजापुर-एनएच-35

मीरजापुर से भदोही, जौनपुर होते हुए औराई-एनएच-135ए

गाजीपुर से जमनिया होते सैयदराजा-एनएच-24

उत्तर प्रदेश राज्य मार्ग

जौनपुर से लालगंज-एसएच-66ए

लालगंज से सादात-एमडीआर-153ई

सादात से गाजीपुर (जखनिया-गाजीपुर मार्ग)

चकिया से चुनार (चकिया से अहरौरा मार्ग)।

## मतदान से पूर्व नगर के चौराहों व चाय पान की दुकानों पर जिताने हराने में लगे समर्थक

**असलम खान**

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर पालिका परिषद के चुनाव की घोषणा होने के बाद चुनावी अखाड़े में जोर आजमाइश करने वाले पहलवानों के लंगोटे कसने शुरू कर दिए हैं ।मतदान से पूर्व ही नगर के चौराहों तथा चाय पान की दुकानों पर अपने अपने चहेते प्रत्याशियों को लोग जिताने और हराने का कार्य प्रारंभ कर दिए हैं। कोई राजनीतिक विरासत पर जातिगत तर्क को पेश कर रहा है तो कोई धनबल बाहुबल को प्राथमिकता दे रहा है । कहीं-कहीं सैद्धांतिक मतों के सहारे अपने प्रत्याशी के पक्ष जीत का दावा पेश कर रहा है इन दिनों सुबह से लेकर शाम तक लोग आंकड़े बताने में भी मशगूल देखे जा रहे हैं मतदाताओं की पूछ बढ़ती जा रही है 5 साल तक आंख चुराकर निकल जाने वाले नेता चुनावी दौर में दुआ सलाम को सिर आंखों पर बिठा लिए हैं हर वार्ड में कुछ ऐसे तबके के मतदाता हैं जिन्हें चुनाव का बेसब्री से इंतजार होता है उनके लिए चुनाव एक त्यौहार के रूप में दिखाई दे रहा है । 25 वार्डों में बंटा हुआ अहरौरा नगर पालिका परिषद में इस समय कुल लगभग 21000 मतदाता हैं । 5 वर्ष पूर्व पिछड़ी जाति के लिए सुरक्षित नगर पालिका परिषद अहरौरा के अध्यक्ष पद पर बसपा से गुलाब मौर्य 4800 मत पाकर विजई हुए थे जय किशन जयसवाल भाजपा को 3600 मत पाकर दूसरे स्थान पर ही रह जाना पड़ा था ।इसके 10 वर्ष पूर्व अध्यक्ष का पद जब अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित था तो निरदल के रूप में दिलदार सोनकर ने लगभग 6000 मत पाकर विजई घोषित हुए थे उस समय भी भाजपा लाख कोशिश के बाद भी दूसरे स्थान पर ही रह गई थी ।इस तरह सन 1989 में अध्यक्ष का पद अनारक्षित था उस समय भाजपा के रामजी केसरी लगभग 27 00 मत



पाकर कांग्रेस के प्रत्याशी रहे राम जय श्री को लगभग 70 मतों से पराजित किए थे तब से लेकर 2017 तक पालिका का अध्यक्ष पद कभी पिछड़ी तो कभी अनुसूचित जाति के लिए ही आरक्षित होता रहा और आरक्षण की स्थिति में भाजपा कभी नहीं जीती सिर्फ बीच में एक बार निर्मला सिंह आनंद अनुसूचित जाति को छोड़कर 2022 मे अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गया था । किंतु पिछड़ा वर्ग आयोग के सर्वेक्षण के बाद नगर पालिका परिषद अहरौरा के अध्यक्ष का पद अनारक्षित हुआ है लगभग 33 वर्ष बाद अध्यक्ष के पद को अनारक्षित होने के कारण इस बार सामान्य वर्ग में भाजपा से चुनाव लड़ने का उत्साह कहीं अधिक दिखाई पड़ रहा है किंतु यह भी कयास लगाया जा रहा है कि पिछली बार बसपा के चिन्ह पर चुनाव जीते गुलाब मौर्य भाजपा से भाग्य आजमाना चाह रहे हैं। यदि ऐसा होता है तो 32 साल बाद सामान्य वर्ग से चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्ति की मंशा पर पानी फिर जाएगा। कांग्रेस से उमा शंकर प्रजापति तथा सपा से राजेंद्र सोनकर के चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं ।रही बात जब भाजपा और कांग्रेस सामान्य सीट पर पिछड़ी जाति और सपा अनुसूचित जाति को चुनाव में उतार रही है जैसा की चर्चा है तो सामान्य सीट पर सामान्य जाति के लोगों का क्या होगा । देखा जा रहा है कि सामान्य वर्ग के लोग कांग्रेस और सपा में उत्साहित नजर नहीं आ रहे हैं। आप पार्टी और बसपा के भी चुनाव में उतरने की चर्चा है किंतु उनके दल में उत्साह कम देखा जा रहा है । कहने को तो सिद्धार्थ सिंह मिक्की सामान्य वर्ग प्रत्याशी अपना दल के नेता हैं उन्हें यह सीट समझौते के रूप में मिलने की आशा है ।किंतु कहा जा रहा है कि टिकट ना मिलने की दशा में वह निर्दल प्रत्याशी के रूप में अपना भाग आजमा सकते हैं। उनके साथ नगर के हर तबके के जाति बिरादरी के युवाओं व गरीब, व शोषित वर्ग का जुड़ाव उन्हें इस वक्त काफी मजबूत स्थिति में पहुंचाए हुए है उनमें उत्साह भी ज्यादा दिखाई दे रहा है । सोशल मीडिया से लेकर जमीनी स्तर पर सिद्धार्थ सिंह मिक्की अपने कार्यकताओं के साथ नगर के वार्ड में जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं और वह पिछली बार सभासद भी रह चुके हैं । फिलहाल अभी तो मतदाताओं के टिकट को लेकर दिलचस्पी बनी हुई है सबसे ज्यादा दावेदारी भाजपा में है कांग्रेसका प्रत्याशी पिछली बार अध्यक्ष का चुनाव हार चुके हैं। जबकि सपा का संभावित प्रत्याशी राजेन्द्र सोनकर भी नगर पालिका परिषद का चेयरमैन रह चुके हैं। परिणाम जो भी हो चुनाव दिन प्रतिदिन दिलचस्प स्थिति में पहुंचता नजर आ रहा है।सभी संभावित प्रत्याशी एवं राजनैतिक दल हर वार्ड से अपने सभासद प्रत्याशी का चयन करने में लगे हुए हैं सभासद के आरक्षण की स्थिति साफ हो चुकी है वार्ड में सभासदों के संभावित प्रत्याशी मतदाताओं के चौखट पर मत्था टेकने का कार्य करते नजर आ रहे हैं। जब सभी दल के प्रत्याशियों के नाम तय हो जाएंगे तो चुनावी समर में जीत हार का सही आकलन लगाया जा सकता है ।फिलहाल चुनावी अखाड़े में पहलवानों ने ताल ठोक दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### मजिस्ट्रेट के सामने बयान देने की समय सीमा बढ़ी

प्रखर पिंडरा वाराणसी। गत फरवरी माह में अनौरा स्थित ईंट भट्ठे पर बचे हुए कोयला को निकालते समय ईट की दीवार गिरने से दो महिलाओं के मौत के बाबत साक्ष्य या बयान प्रस्तुत करने की समय सीमा मजिस्ट्रेट द्वारा एक बार फिर बढ़ा दी गई। उप जिला मजिस्ट्रेट पिंडरा अंशिका दीक्षित ने जारी अपने आदेश में कहाकि कि उक्त दुर्घटना के बाबत कोई साक्ष्य या बयान लिखित या मौखिक रूप से देना चाहता है तो वह 17 अप्रैल तक उपजिलाधिकारी पिंडरा के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। विदित हो कि डीएम ने घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिया था। जिसमे साक्ष्य देने की सीमा 14 फरवरी 23 थी। लेकिन कोई साक्ष्य या सबूत किसी के द्वारा प्रस्तुत नही किया गया। उक्त घटना में दो महिलाओं की जहाँ मौत हो गई थी वही दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

### जी 20 की परीक्षा में हजारों छात्रों ने लिया भाग



प्रखर पिंडरा वाराणसी। जी 20 को व्यापक और भव्य बनाने तथा जन जन को जागरूक करने के लिए गुरुवार को पिंडरा विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा निजी स्कूलों में प्रतियोगिता आयोजित की गई। विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय मंगारी, समोगरा, रमईपट्टी, नवलपुर, करखियाव व पूर्व माध्यमिक विद्यालय थाना, फूलपुर, बाबतपुर, सुरही समेत तीन दर्जन परिषदीय विद्यालयों में आयोजित परीक्षा में 5 हजार से अधिक छात्रो ने भाग लिया। वही 75 प्राइवेट स्कूलों में 7 हजार से अधिक छात्र छात्रो ने जी 20 से सम्बंधित आयोजित परीक्षा में भाग लिया। फूलपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल तथा पिंडरा स्थित त्रिपदा पब्लिक स्कूल में भी परीक्षा आयोजित हुई। इस बाबत खण्ड शिक्षा अधिकारी देवी प्रसाद दुबे ने बताया कि विकास खण्ड में कुल 5250 परिषदीय विद्यालयों के छात्रो ने परीक्षा में भाग लिया।

### अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या चला सफाई अभियान

प्रखर पिंडरा वाराणसी। डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर गुरुवार को भाजपाईयो ने जिला मंत्री के नेतृत्व में मरुई में स्वच्छता अभियान चलाया और सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई की। इस दौरान जिला मंत्री बृजभूषण उर्फ फौजदार शर्मा, शिवकुमार गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, दिनेश प्रजापति, महेंद्र शर्मा, जितेंद्र दुबे समेत अनेक कार्यकर्ता रहे। वही रामपुर स्थित अंबेडकर प्रतिमा के आसपास के इलाके की सफाई डॉ भीमराव आंबेडकर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ महेंद्र दास के नेतृत्व में की। इस दौरान दर्जनो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 25-25 हजार के ईनामिया दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, अवैध तमंचा, कारतूस व चाकू बरामद



प्रखर मिजार्पुर। थाना को0शहर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-13/2023 धारा 379/411 भादवि, 3/5अ/8 गोवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम की विवेचना के क्रम में सुरागरसी-पतारसी, भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया । पुलिस अधीक्षक द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित/प्रकाश में आये अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु ? 25-25 हजार का ईनाम घोषित किया गया था । अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना को0शहर पुलिस बल को बड़ी सफलता हाथ लगी है । आज दिनांकः13.04.2023 को थाना को0शहर, स्वाट व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना को0शहर क्षेत्र में मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित ईनामियां अभियुक्तों के होने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गयी । इस दौरान गिरफ्तारी से बचने हेतु अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर कर भागने का प्रयास किया गया परन्तु पुलिस टीम द्वारा स्वयं को बचाते हुए मौके से दोनों अभियुक्तों 1.सैफ अली अंसारी पुत्र मुन्ना व 2. सिन्धबाज उर्फ मेराज अंसारी पुत्र मुख्तार निवासीगण तरकापुर थाना को0शहर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त सैफ अली अंसारी उपरोक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस तथा अभियुक्त मेराज अंसारी उपरोक्त के कब्जे से एक अदद चाकू बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त गो-तस्करी व चोरी करने का अपराध कारित करते थे । उक्त पुलिस मुठभेड़ व गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0शहर पर मु0अ0सं0-36/2023 धारा 307 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0सं0-37/2023 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं